

दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-31 अंक-85 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) शुक्रवार 09 मई 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

# पाकिस्तान ने जम्मू में एयरस्ट्रिप पर दागे रॉकेट, पठानकोट एयरबेस पर भी हमला, लगातार बजते रहे एयर सायरन



नई दिल्ली(ए.)। भारतीय सेना की ओर से ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के 9 आतंकी अड्डों को मिट्टी में मिलाने के बाद से ही दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। इस बीच पाकिस्तान की तरफ से जम्मू एयरस्ट्रिप पर रॉकेट दागे जाने की खबर सामने आ रही है। वहीं, पठानकोट एयरबेस पर भी हमला हुआ है जिसे नाकाम कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक जम्मू एयरस्ट्रिप पर रॉकेट दाया गया है। सांबा में पाकिस्तान की तरफ से भारी गोलीबारी की जा रही है। इसे देखते हुए जम्मू के आरएसपुरा इलाके में ब्लैकआउट किया गया है, यहां सायरन बज रहे हैं। जम्मू शहर में मोबाइल नेटवर्क काम नहीं कर रहे हैं। इस हमले में हुए नुकसान आदि के बारे में अभी जानकारी सामने नहीं आई है। वहीं, मौके पर सेना के जवान पहुंच गए है।

## पाकिस्तान ने जालंधर, अमृतसर समेत कई भारतीय शहरों पर हमले की कोशिश की, हमने उनका एयर डिफेंस सिस्टम उड़ाया : कर्नल सोफिया



नई दिल्ली (ए.)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए पाकिस्तान को उसके नापाक हरकत के लिए सबक सिखाया है। पाकिस्तान के खिलाफ भारत के ऑपरेशन सिंदूर के दो दिन पूरे हो गए हैं। इसपर विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी है। इस प्रेस संबोधन में विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कर्नल सोफिया कुरैशी ने ऑपरेशन सिंदूर के दो दिन के अब तक के सारे अपडेट सांझा किए। आतंकवाद के खिलाफ भारत के ऑपरेशन सिंदूर पर कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया कि बताया कि हमने ऑपरेशन सिंदूर के बाद की प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया था कि हमने किसी भी सैन्य ठिकाने को ठिकाने को निशाना नहीं बनाया गया था। उन्होंने कहा कि 07-08 मई 2025 की रात को पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइलों का उपयोग करके अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, नाल, फलोदी, उत्तरलाई और भुज सहित उत्तरी और पश्चिमी भारत में कई सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने का प्रयास किया। इन्हें इंटीग्रेटेड काउंटर यूएएस ग्रिड और वायुरक्षा प्रणालियों द्वारा निष्प्रभावी कर दिया गया। इन हमलों के मलबे अब कई स्थानों से बरामद किए जा रहे हैं जो पाकिस्तानी हमलों को साबित करते हैं। आज सुबह भारतीय सशक्त बलों ने पाकिस्तान के कई ठिकानों पर एयर सिस्टम को निशाना बनाया। लाहौर में एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह कर दिया गया। विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने कहा, पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामूला, उरी, पुंछ, मेंढर और राजौरी सेक्टरों में मोर्टार और भारी कैलिबर आर्टिलरी से एलओसी पर अकारण गोलीबारी की तीव्रता बढ़ा दी है। पाकिस्तानी गोलीबारी के कारण 16 निर्दोष लोगों की जान चली गई है।

## भारत को एक और सफलता, कंधार हाईजैक कांड का मास्टरमाइंड ढेर



नई दिल्ली (ए.) आपरेशन सिंदूर को लेकर नया अपडेट सामने आया है। खबर है कि ऑपरेशन सिंदूर में आतंकी रऊफ अजहर की मौत हो गई है। रऊफ असगर IC-814 प्लेन हाई जैक जिसे कंधार प्लेन हाई जैक के नाम से जाना जाता है उसका मास्टरमाइंड था। बुधवार को रऊफ अजहर ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए आतंकियों के जनाजे की नमाज पढ़ाता नजर आया था। भारत ने पहलगाम हमले के बाद फिर दोहराया था कि वो आतंकियों को घर में घुस कर मारेगा।

रऊफ की मौत इसी का एक और उदाहरण है। रऊफ कंधार हाईजैक का मास्टरमाइंड था। कई आतंकी हमलों में उसका नाम सामने आया था। इससे पहले मंगलवार देर रात भारत सरकार की सैन्य कार्रवाई में मसूद अजहर का कुनबा उजड़ गया था। की एयरस्ट्राइक में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी अजहर के परिवार के 10 सदस्य मारे गए थे जबकि उसके चार गुर्गे भी ढेर हो गए थे। इन घायलों में रऊफ भी था।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान में दहशत, अब लाहौर में एयरपोर्ट के पास सुनाई दी धमाकों की गूंज

नई दिल्ली (ए) भारत के पाकिस्तान पर हमले के बाद पाकिस्तान में दहशत का माहौल है। अब पाकिस्तान के लाहौर शहर से एक कई धमाकों की आवाज सुनाई दी है। एजेंसी ने जियो रिपोर्टिंग और मौके पर मौजूद गवाहों के हवाले से बताया है कि पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के लाहौर शहर में धमाके हुए हैं।धमाकों की वजह से अफरातफरी मच गई है। लाहौर एयरपोर्ट बंद कर दिया गया है। एक दिन पहले ही भारत के पाकिस्तान के कई स्थानों पर भारत ने हमला किया था, इसके मद्देनजर जंग की आशंकाएं बढ़ गई है। इस बीच भारत ने भी अपनी सुरक्षा बढ़ा दी है।

## पाकिस्तान पर भारत का जवाबी हमला, पाकिस्तानी पंजाब, फैसलाबाद और सरगोधा का डिफेंस सिस्टम तबाह

नई दिल्ली (ए)। जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान में पाकिस्तान के हवाई हमले के बाद अब भारत ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है। भारत ने लाहौरऔर सियालकोट में हवाई हमला किया है। ताजा जानकारी के अनुसार, भारत ने लाहौर में हवाई हमले तेज कर दिए हैं। पाकिस्तान के पंजाब का एयर डिफेंस सिस्टम तबाह कर दिया गया है। वहीं, सियालकोट और फैसलाबाद का भी डिफेंस सिस्टम को नष्ट कर दिया गया है। पाकिस्तान के सरगोधा का भी डिफेंस सिस्टम तबाह कर दिया गया है।



### पाकिस्तान ने भारत पर किया था हमला

इससे पहले पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान के कई इलाकों में मिसाइलें और ड्रोन से हमला किया। भारत ने पाकिस्तान के हवाई हमले को नाकाम बना दिया। जानकारी के अनुसर, जम्मू-कश्मीर के सतवारी, सांबा, आरएस पुरा और अरनिया पर आठ मिसाइलें दागीं और सभी को वायु रक्षा इकाइयों ने रोककर निष्क्रिय कर दिया। उधमपुर में भारतीय वायु रक्षा द्वारा पाकिस्तानी ड्रोन को रोकने पर विस्फोटों की आवाज सुनी गई।

इससे पहले बुधवार-गुरुवार को पाकिस्तान ने भारत के कई शहरों को निशाना बनाने की कोशिश की थी, जिसको सेना ने नाकाम कर दिया था। भारत ने पाकिस्तान के राडार और एयर डिफेंस सिस्टम को नष्ट कर दिया था।

### कई जगहों पर ब्लैकआउट

जैसलमेर में भारतीय वायु रक्षा द्वारा पाकिस्तानी ड्रोन को रोका गया। विस्फोटों की आवाज सुनी गई और आसमान में चमक दिखाई दी। राजस्थान के बीकानेर और पंजाब के जालंधर में पूरी तरह से ब्लैकआउट कर दिया गया। किश्तवाड़, अखनूर, सांबा, जम्मू और अमृतसर, जालंधर में भी ब्लैकआउट लागू किया गया है।बता दें कि भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का जवाब ऑपरेशन सिंदूर के जरिए दिया था, जिसमें पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ढांचे को सटीक हमलों के जरिए निशाना बनाया गया था। भारत ने यह भी कहा कि सैन्य प्रतिष्ठानों पर किसी भी हमले का उचित जवाब दिया जाएगा। गुरुवार को मीडिया ब्रीफिंग में विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा की गई कार्रवाई का उचित तरीके से जवाब दिया जाएगा ।

## भारत के हमले से पाकिस्तान में खौफ, संसद में रोते हुए पूर्व मेजर बोले- अल्लाह हमारी हिफाजत करे

नई दिल्ली (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत के करारे जवाब से पाकिस्तान में दहशत का माहौल है। वहां के लोग डरे-सहमे नजर आ रहे हैं और दुआ कर रहे हैं कि वे सुरक्षित रहें। इसका उदाहरण पाकिस्तानी संसद से भी सामने आया है, जहां चर्चा के दौरान नेशनल असेंबली के सदस्य और सेना के पूर्व मेजर रो पड़े। पूर्व पाकिस्तानी मेजर ताहिर इकबाल ने नेशनल असेंबली में कहा, हम अपनी कौम से कहते हैं कि सब मिलकर चलो और अपने रब से दुआ करो कि हम सबकी हिफाजत करें। इस मुल्क की रक्षा करें।



ताहिर इकबाल ने कहा कि अल्लाह ने चाहा कि पाकिस्तान बने और उन्होंने ही इस मुल्क को बनाया है। अब वही इसकी हिफाजत करेंगे।

## पुंछ में भारतीय नागरिकों को निशाना बना रहा कायर पाक , अब तक 15 लोगों की मौत



नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय सेना द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर की गई कार्रवाई से पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में भारी बेचैनी और बौखलाहट है। इसी बौखलाहट का नतीजा है कि पाकिस्तानी सेना ने बीती रात से ही जम्मू कश्मीर के पुंछ और तंगधार सेक्टरों में नियंत्रण रेखा (LoC) के पास स्थित रिहायशी इलाकों को निशाना बनाते हुए भीषण गोलाबारी शुरू कर दी है। इस अकारण गोलाबारी में अब तक चार बच्चों सहित कम से कम 15 निर्दोष नागरिकों की दुखद मौत हो गई है, जबकि 43 अन्य घायल हुए हैं। अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि की है। यह गोलाबारी भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकवादी ठिकानों पर सटीक मिसाइल हमले किए जाने के तुरंत बाद शुरू हुई।

## चारधाम यात्रा पर निकला हेलीकॉप्टर हुआ हादसे का शिकार, 6 यात्रियों की मौत

उत्तरकाशी(ए)। चारधाम यात्रा पर निकला एक हेलीकॉप्टर हादसे का शिकार हो गया। इसमें कुल सात लोग सवार थे जिसमें से 6 लोगों की मौत हो गई। राहत एवं बचाव दल अपना काम कर रहा है। वहीं उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है। एयरोट्रांस सर्विसेस प्रा.लि.के इस हेलीकॉप्टर यात्रियों को लेकर गंगोत्री धाम की यात्रा पर जा रहा था तभी गंगोत्री हाइवे पर गंगनानी के पास जंगलों में जा गिरा।




## भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच ईरान के विदेश मंत्री पहुंचे दिल्ली

नई दिल्ली (आरएनएस)। पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला लेने के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति बनी हुए है। इस बीच पूर्व निर्धारित बैठक में हिस्सा लेने ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची नई दिल्ली पहुंच गए हैं। वो 20वीं भारत-ईरान संयुक्त आयोग बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची का भारत दौरा रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से है। दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय वार्ता ऐसे समय में हो रही है जब दोनों देश भारत-ईरान मैत्री संधि की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। विदेश मंत्रालय की ओर से ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची का स्वागत किया गया। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए विभाग के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, भारत-ईरान संयुक्त आयोग की बैठक के लिए नई दिल्ली पहुंचने पर विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।



## चंडीगढ़, अमृतसर समेत ये 27 एयरपोर्ट्स 10 मई तक रहेंगे बंद, 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद 430 उड़ानें हुईं रद्द

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत की ओर से 'ऑपरेशन सिंदूर' सफलतापूर्वक किए जाने के बाद गुरुवार को करीब 430 नागरिक उड़ानों को रद्द कर दिया गया है। यह देश की कुल शेड्यूल उड़ानों का करीब 3 प्रतिशत है। इसके साथ ही 27 एयरपोर्ट्स 10 मई तक बंद रहेंगे।फ्लाइटराडर24 प्लेटफॉर्म के फ्लाइट ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक, पाकिस्तान और भारत के पश्चिमी गलियारे का एयरस्पेस का ज्यादातर हिस्सा नागरिक विमानों से फ्री था। फ्लाइट को ट्रैक करने वाले पोर्टल के मुताबिक, पाकिस्तान के ऊपर हवाई क्षेत्र और जम्मू-कश्मीर एवं गुजरात के बीच भारत के पश्चिमी क्षेत्र में नागरिक हवाई यातायात नहीं था। इसकी वजह एयरलाइनों द्वारा संवेदनशील क्षेत्र से दूरी बनाए रखना है।

## साहस, शौर्य, पराक्रम की प्रतीक हमारी भारतीय सेना का वंदन अभिनंदन




सौजन्य से :- दैनिक क्षितिज किरण ग्रुप

# मेडिटेक टेक्सटाइल सेक्टर की पहली अत्याधुनिक यूनिट लिखेगी औद्योगिक विकास का नया अध्याय : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## अचारपुरा में 160 करोड़ के निवेश के साथ 200 से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार

भोपाल ( निप्र) । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भोपाल के अचारपुरा औद्योगिक क्षेत्र में मेडिटेक टेक्सटाइल सेक्टर की पहली अत्याधुनिक यूनिट का निर्माण कार्य तेज़ी से चल रहा है। उन्होंने इसे मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास का नया अध्याय बताते हुए कहा कि टेक्नोलॉजी आधारित उत्पादन इकाइयों का आना, इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश अब पारंपरिक के साथ विशेषीकृत और उच्च गुणवत्ता वाले उद्योगों के लिए भी पसंदीदा स्थल बन चुका है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस यूनिट से न केवल भोपाल बल्कि पूरे प्रदेश को उद्योग के क्षेत्र में नई पहचान मिलेगी। मेडिटेक टेक्सटाइल सेक्टर का यह निवेश, मध्यप्रदेश को मेडिकल टेक्सटाइल, हाईजीन और हेल्थ सपोर्टिंग टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नई ऊंचाई देगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्पष्ट कहा कि राज्य सरकार निवेश लाने की नीति पर नहीं, निवेश को जमीन पर उतारने की कार्य संस्कृति पर काम कर रही है।

इस यूनिट का निर्माण जर्मनी की विश्व प्रसिद्ध टीडब्ल्यूई ग्रुप और भारत के अनुभवी ओबीटी ग्रुप के संयुक्त सहयोग से किया जा रहा है। टीडब्ल्यूई ओबीटी प्रा. लि. नामक यह कंपनी अचारपुरा में लगभग 160 करोड़ रु. की लागत से उच्च तकनीक आधारित उत्पादन संयंत्र स्थापित कर रही है। यूनिट में महिलाओं और बच्चों के हाईजीन उत्पादों में प्रयुक्त टेक्सटाइल कंपोनेंट्स जैसे ADL, टॉप शीट और बैक शीट का निर्माण किया जाएगा। इन उत्पादों की भारत में अब तक आयात पर निर्भरता रही है। यह यूनिट चालू होने पर देश को आत्मनिर्भर बनाएगी और मेडिटेक टेक्सटाइल उत्पादों में 'मेक इन इंडिया' को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में स्थापित



करेगी। उत्पादन के पहले चरण में ही 200 से अधिक लोगों को रोजगार मिलने जा रहा है, वहीं यूनिट के स्केल बढ़ने पर यह संख्या कई गुना तक पहुंचने की संभावना है। प्रदेश सरकार द्वारा विकसित अचारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया में यह यूनिट एक उदाहरण बनेगी कि कैसे सुव्यवस्थित बुनियादी ढांचा और उद्योगों के अनुकूल माहौल किसी भी वैश्विक निवेशक के लिए भरोसे का केंद्र बन सकता है। कंपनी ने उपलब्ध ज़मीन, बिजली, परिवहन और अन्य सुविधाओं को निर्माण के लिए उपयुक्त बताया है। तकनीकी मानकों पर यह यूनिट भारत में अपने क्षेत्र की पहली अत्याधुनिक फैक्ट्री होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने स्पष्ट विजन के साथ नई औद्योगिक रणनीति अपनाई है जिसमें 'निवेश और निर्माण' को साथ लेकर चलना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि निवेशक अब मध्यप्रदेश में तेज़ फैसलों, सहज प्रक्रियाओं और भरोसेमंद माहौल के चलते बड़े निर्णय ले रहे हैं। मेडिटेक टेक्सटाइल जैसे अत्याधुनिक क्षेत्र में इस तरह का निवेश इसी विश्वास का परिणाम है।

यूनिट के निर्माण में ग्रीन बिल्डिंग और पर्यावरणीय संतुलन का भी विशेष ध्यान रखा गया है। यहां बिना बॉयलर के संचालन होगा और उत्पादन प्रक्रिया से जल अथवा वायु प्रदूषण नहीं होगा। हाईजीन और हेल्थ सेक्टर से जुड़ी यह यूनिट स्वच्छ भारत और आत्मनिर्भर भारत की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रही है।टीडब्ल्यूई ओबीटी प्रा. लि. की ओर से बताया गया कि यह यूनिट पूरे देश में उनकी पहली और प्रमुख इकाई होगी। यह मेडिटेक टेक्सटाइल के क्षेत्र में देश में तकनीकी उत्पादन की शुरुआत मानी जाएगी।

जर्मनी से उच्च स्तरीय तकनीकी सहयोग के साथ यह यूनिट भारतीय टेक्सटाइल सेक्टर के लिए एक नई दिशा तय करेगी।राज्य सरकार इस यूनिट को टेक्सटाइल ओडीओपी, पीएम मित्र पार्क और क्लस्टर पॉलिसी से जोड़कर क्षेत्रीय विकास की संभावनाओं को और सशक्त बनाने की दिशा में काम कर रही है। टेक्सटाइल सेक्टर में मध्यप्रदेश को पहले से ही राष्ट्रीय पहचान प्राप्त है और अब मेडिटेक, टेक्निकल और हाईजीन टेक्सटाइल में यह यूनिट उस पहचान को वैश्विक स्तर पर विस्तार देने वाली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आने वाले वर्षों में मध्यप्रदेश मेडिटेक टेक्सटाइल जैसे उच्च श्रेणी के उत्पादों के लिए एक हब के रूप में स्थापित होगा, जहां नवाचार, तकनीक और रोजगार तीनों साथ-साथ आगे बढ़ेंगे। यह निवेश केवल एक यूनिट नहीं बल्कि राज्य के औद्योगिक भविष्य का मजबूत संकेत है।

# हमीदिया अस्पताल से फरार हुआ कुख्यात कैदी




भोपाल (आरएनएस)। भोपाल सेंट्रल जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा रेप का सजायाफ्ता कैदी अमर उर्फ गुड्डू शुक्रवार सुबह हमीदिया अस्पताल से फरार हो गया। कैदी अस्पताल में आंखों की जांच के लिए लाया गया था, जहां वह हवालदार की निगरानी में मौजूद था। सुबह करीब 11 बजे मौका देखकर उसने हथकड़ी से हाथ निकाला और भाग खड़ा हुआ।अमर वर्ष 2017 से नाबालिग से बलात्कार के मामले में दोषी करार दिया गया था और कोर्ट ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। वह पिछले कई वर्षों से भोपाल सेंट्रल जेल में बंद था। बताया जा रहा है कि उसकी आंखों में वाइटनेस की समस्या थी, जिसके चलते उसे फॉलोअप चेकअप के लिए हमीदिया अस्पताल लाया गया था।कैदी के फरार होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। एएसपी राकेश भांगरे के अनुसार, घटना की जानकारी मिलते ही शहरभर में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। आरोपी का पुराना पता हबीबगंज थाना क्षेत्र के मानसरोवर झुग्गी में बताया गया है, जहां पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं।शहर के रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर विशेष निगरानी बढ़ा दी गई है। पुलिस ने अमर उर्फ गुड्डू की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश देना शुरू कर दी है और जल्द ही उसे पकड़ने का दावा किया गया है।

# मध्यप्रदेश में 'AI भारत @MP' कार्यशाला का शुभारंभ

### AI, आधार-अनुप्रयोग, डिजिटल गवर्नेंस और तकनीकी नवाचारों से प्रशासन को गतिशील बनाने पर मंथन




भोपाल (आरएनएस)। लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर के 300वें जयंती वर्ष आयोजनों की श्रृंखला में मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (एमपीएसईडीसी) ने राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग (NeGD), इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से "AI भारत @ MP - कार्यशाला नवाचार, आधार और राज्य परामर्श के साथ सुशासन में तीव्रता" विषय पर 2 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया है। कार्यशाला का शुभारंभ गुरुवार प्रातः कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हॉल) में किया गया। कार्यशाला में केंद्र एवं राज्य सरकार के वरिष्ठ नीति-निर्माता, तकनीकी विशेषज्ञ, शिक्षाविद एवं विभिन्न विभागों के 300 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यशाला में AI अनुप्रयोगों पर आधारित एक्सपीरियंस जोन भी स्थापित किया गया। प्रारंभिक सत्र को संबोधित करते हुए अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने कहा कि मध्यप्रदेश उन कुछ राज्यों में से एक है जहां AI पर तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है। राज्य ने AI तकनीक का उपयोग प्रशासन में करना प्रारंभ किया है। उन्होंने कहा कि आईटी और रिन्युएबल एनर्जी सबसे अधिक गति से बढ़ने वाले सेक्टर है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है, जहाँ संपदा 2.0 पोर्टल से घर बैठे ही ई-रजिस्ट्री की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला राज्य के AI आधारित आगामी कार्य योजनाओं के लिये भविष्य के लिय महत्वपूर्ण कड़ी है। एमपीएसईडीसी के प्रबंध निदेशक आशीष वशिष्ठ ने अतिथियों का स्वागत करते हुए दो दिवसीय कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

# घायल 11वीं की छात्रा की मौत

भोपाल (आरएनएस)। अशोका गार्डन इलाके की रहने वाली 11वीं कक्षा की नाबालिग छात्रा की बुधवार रात नर्मदा अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। छात्रा को 23 अप्रैल को सूरत नगर चौराहे पर एक स्कूल बस ने टक्कर मार दी थी। जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आई थीं। जानकारी के मुताबिक, घटना के दिन छात्रा अपने दोस्तों के साथ घूमने के लिए निकली थी। शाम करीब 4 बजे वह अपने एक परिचित के साथ बाइक से सूरत नगर चौराहे के पास से गुजर रही थी, तभी स्कूल बस ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के तुरंत बाद छात्रा को पहले स्मार्ट सिटी अस्पताल ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे हमीदिया और फिर एम्स अस्पताल रेफर किया गया। स्थिति में सुधार नहीं होने पर परिजनों ने उसे नर्मदा अस्पताल में भर्ती कराया, जहां बुधवार की रात उसने दम तोड़ दिया।रातीबड़ थाना प्रभारी रास बिहारी शर्मा ने बताया स्कूल बस से घायल छात्रा की मौत हो गई है।

# अब विशेषज्ञ डॉक्टरों से सीधे हो सकेगी बात

भोपाल (आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री एवं सागर जिले के प्रभारी राजेन्द्र शुक्ल ने बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर में टेलीमेडिसिन सेंटर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अब विशेषज्ञ डॉक्टरों से सीधे मरीज की बात हो सकेगी एवं उचित उपचार प्राप्त हो सकेगा। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की भीड़ एवं बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में स्थापित टेलीमेडिसिन सेंटर में आने वाले कॉल्स की संख्या बीएमसी के परफॉर्मेंस ऑडिट की तरह कार्य करेगी। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि टेलीमेडिसिन योजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा की प्राथमिकता वाली योजना है। योजना से गांव-गांव के पीड़ित व्यक्ति को विषय विशेषज्ञ डॉक्टर की निशुल्क सलाह मिल सकेगी एवं उनका समय पर इलाज हो सकेगा। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित विशेष रूप से आरोग्य मंदिरों में टेलीमेडिसिन सुविधा शुरू की जाए। जहां डॉक्टरों की सूची चस्पा की जावे एवं उनके फोन नंबर भी संबंधित सीएचओ, बीएमओ को उपलब्ध कराएं जिससे आवश्यकता पड़ने पर तत्काल टेलीमेडिसिन/ वीडियो कॉन्फ्रेंस/वर्चुअल माध्यम से उनका उपचार दिया जा सके।

# चलती ट्रेन में चढ़ रही महिला फिसली,आरपीएफ जवान ने दौड़कर बचाई जान

भोपाल (आरएनएस)। भोपाल रेलवे स्टेशन पर गुरुवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर खड़ी हमसफर एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 20481) सुबह करीब 9:02 बजे रवाना हो रही थी। तभी एक 35 साल की महिला उस ट्रेन के एसी कोच B| में चढ़ने की कोशिश कर रही थी। ट्रेन धीरे-धीरे चल रही थी, लेकिन हाथ में सूटकेस होने की वजह से महिला का बैलेंस बिगड़ गया और वह प्लेटफॉर्म पर फिसलने लगी। महिला के फिसलते ही वहां मौजूद रेलवे सुरक्षा बल के उपनिरीक्षक रविंद्र सिंह और आरक्षक अनिल शर्मा तुरंत दौड़े और उसे पकड़कर प्लेटफॉर्म की ओर खींच लिया। नहीं तो महिला ट्रेन के नीचे आ सकती थी।घटना के दौरान ट्रेन मैनेजर रोमेश चौबे ने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाई और ट्रेन को रोक दिया। इससे महिला सुरक्षित बच गई, बाद में उसे कोच में चढ़ाया गया।रेल प्रशासन ने आरपीएफ के दोनों जवानों और ट्रेन मैनेजर की सतर्कता की तारीफ की है। भोपाल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने कहा कि "हमारे लिए यात्रियों की सुरक्षा सबसे जरूरी है। उन्होंने यात्रियों से अपील की है कि चलती हुई ट्रेन में कभी भी चढ़ने या उतरने की कोशिश न करें, क्योंकि यह जान के लिए खतरा हो सकता है।रेलवे अधिकारियों का कहना है कि स्टेशन और ट्रेनों में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों।

# मध्यप्रदेश में कृषि और उद्योग का समन्वय आत्मनिर्भरता की दिशा में दूरगामी पहल : प्रभारी मंत्री श्री काश्यप




भोपाल (आरएनएस)। एमएसएमई और भोपाल जिले के प्रभारी मंत्री चैतन्य काश्यप ने कहा है कि मध्यप्रदेश में कृषि और उद्योग के समन्वय का अनूठा प्रयोग प्रदेश के आर्थिक परिदृश्य में नई क्रांति ला रहा है। कोर्टयार्ड बाय मैरियट में आयोजित "मध्यप्रदेश में गन्ना फसल एवं शुगर कारखानों के सतत् विकास" सम्मेलन में मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि खेती भारत की आत्मा है और एमएसएमई विभाग के माध्यम से शुगर फैक्ट्रियों की स्थापना से किसानों को बेहतर मार्केटिंग, तकनीकी सहायता एवं वित्तीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इससे ग्रामीण आर्थिक विकास को नई गति मिल रही है।सम्मेलन में प्रदेश के एमएसएमई और कृषि विभाग के अधिकारी, उद्योगपति तथा किसान प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 3 मई को मंदसौर में आयोजित बड़े कृषि समारोह में कृषि मेले में उद्योगों को शामिल करने का यह पहला प्रयास मध्यप्रदेश की नई दृष्टि को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि सिंचित क्षेत्र 7 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 55 से 60 लाख हैक्टेयर तक पहुंच गया है, जिससे प्रदेश की जीडीपी में कृषि का योगदान उल्लेखनीय रूप से बढ़ा है। प्रभारी मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने और उत्पादकता के साथ जीडीपी वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए कटिबद्ध है। शुगर मिलों में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिये भूमि, बिजली और ऋण योजनाओं में विशेष रियायतें दी जा रही हैं। इससे कृषि क्षेत्र को बल मिलेगा, बेरोजगारी में कमी आएगी और आर्थिक समृद्धि के नए आयाम खुलेंगे। प्रभारी मंत्री श्री काश्यप ने अपने वक्तव्य में स्पष्ट किया कि कृषि और उद्योग का यह सम्मिलन आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की दिशा में एक सकारात्मक और दूरदर्शी पहल है, जो किसानों और उद्योग दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी।

# निगम अमले ने विभिन्न स्थानों से हटाये अतिक्रमण

भोपाल (आरएनएस)। नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर व सार्वजनिक स्थलों आदि से अतिक्रमणों को हटाने तथा अवैध निर्माणों को तोड़ने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने सीएम हेल्पलाईन व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निवारण तथा निगम की नियमित कार्यवाही के तहत दुकानों के बाहर रखा सामान, अवैध रूप से रखी गुमठियां, ठेले, फ्रेम, जीना, शेड, स्लेब आदि को हटाया तथा ठेले, टेबिल, कुर्सी, कैरेड, स्टैंड, लकड़ी के टूटे बाक्स आदि सहित अन्य प्रकार की सामग्री जप्त की।

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने गुरूवार को नेहरू नगर, एम.पी.नगर, आशिमा मॉल, 11मील, बैरागढ़, साधुवासवानी रोड, मिनी मार्केट, न्यू मार्केट, एम्स हॉस्पिटल गेट नंबर 03 व 05, एमरोल्ड कालोनी, हिनोतिया आलम, कटारा हिल्स, अमलतास कालोनी, भदभदा, नीलबड़, रातीबड़, जहांगीराबाद, एक्सटॉल कॉलेज, लिली टॉकीज, भरत नगर, ओरामाल, इतवारा, इन्द्रपुरी, एल.बी.एस. हॉस्पिटल, लिंक रोड नंबर 01, 02 तथा 03 आदि क्षेत्रों में अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही करते हुए नेहरू नगर क्षेत्र में मकानों के सामने अवैध रूप से लगी 02 जालियां साथ ही बैरागढ़ साधुवासवानी स्कूल एवं एल.बी.एस हॉस्पिटल रोड पर अवैध रूप से पार्क किए गए 12 चार पहिया वाहन, ओरामाल प्रसाद कुंज के सामने से 01 अवैध जीना व स्लैब, जहांगीराबाद लिली टॉकीज क्षेत्र में ऑटो डीलर्स द्वारा अवैध रूप से खड़े किए गए 15 पहिया वाहन, इन्द्रपुरी क्षेत्र से 04 दुकानों के सामने अवैध रूप से लगे शेड आदि को हटाया।

निगम अमले ने विभिन्न क्षेत्रों से 06 ठेले, 01 टेबिल, 02 कुर्सियां, 06 कैरेड, बेंच, लोहे के स्टैंड, जालियां तथा लकड़ी के टूटे बाक्स सहित अन्य प्रकार की सामग्री जप्त की। निगम अमले ने पुनः अतिक्रमण न करने की समझाइश दी और चेतावनी भी दी यदि पुनः अतिक्रमण किया पाया जाता है तो और अधिक कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# मरीज को बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय स्थित हेलीपेड से एयर लिफ्ट करने की हुई मॉकड्रिल




भोपाल,(आरएनएस)। आपातकाल में नागरिकों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने 'पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा' से कई जिंदगियों को बचाया जा रहा है। सेवा में और तेजी लाने करने के लिए भोपाल में मॉकड्रिल की गई। इस दौरान डमी मरीज को बरकतउल्लाह यूनिवर्सिटी में बनाए गए हेलीपेड से एयर लिफ्ट किया गया। इसके पहले भोपाल विमानतल से उड़कर बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय पहुंचे एयर एम्बुलेंस को लैंड करवाकर टेस्टिंग की गई । पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा से समय-समय पर कई ज़िंदगियों को बचाया जा चुका है। ऑर्गन ट्रांसप्लांट एवं गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल सर्व सुविधायुक्त अस्पताल है। यहां से रेफर किए गए मरीजों को पूर्व में भी पीएम श्री एंबुलेंस के माध्यम से लिफ्ट कर उपचार के लिए भेजा गया है साथ ही प्रदेश के दूसरे जिलों से रोगियों को उपचार के लिए एम्स लाया जाता है। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय स्थित हेलीपैड के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान से नजदीक होने के कारण मरीज को शीघ्र ही उपचार के लिए भेजा जा सकता है तथा आवश्यकता पड़ने पर बाहर भी भेजा जा सकता है। भोपाल विमानतल तक पहुंचने में लगने वाले समय की अवधि को कम करने के उद्देश्य से इस मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा से प्रदेश में कहीं भी चिकित्सा आपात स्थिति उत्पन्न होने या चिन्हित विशेष प्रकार की चिकित्सा सुविधा या चिकित्सा विशेषज्ञों की आवश्यकता निर्मित होने पर कठिन भौगोलिक परिस्थिति में प्रदेश के दूरस्थ अंचलों तक पहुंचकर उन्नत आपातकालीन चिकित्सा द्वारा मरीजों की को स्थिर कर उच्च चिकित्सा केन्द्रों तक एयर लिफ्ट किये जाने की सेवा प्रदाय की जाती है। पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा सड़कों एवं औद्योगिक स्थलों में होने वाले हादसों, प्राकृतिक आपदा में गंभीर पीड़ित घायल व्यक्ति को त्वरित उपचार के लिये हवाई परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि एम्स से बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की दूरी लगभग 3 किलोमीटर है। ग्रीन कॉरिडोर बनाकर इस दूरी को अधिकतम 3 से 4 मिनिट में पूरा किया जा सकता है। गंभीर मरीजों को न्यूनतम समय में उपचार के लिए एयर लिफ्ट कराने के उद्देश्य से मॉकड्रिल की गई।

# स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को खपत के आधार पर दिन के टैरिफ में 20 प्रतिशत की मिलेगी छूट

भोपाल (आरएनएस)। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया है कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को दिन के टैरिफ में छूट प्रदान की जाएगी। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह सभी छूट अथवा प्रोत्साहन की गणना सरकारी सब्सिडी (यदि कोई हो) को छोड़कर की जाएगी। कंपनी ने कहा है कि यह



छूट एलवी उपभोक्ता श्रेणियों के लिए विशिष्ट नियमों और शर्तों के आधार पर दिन के विभिन्न समय के दौरान खपत की अवधि के अनुसार ऊर्जा शुल्क पर लागू होगी। एल.वी.-1 घरेलू और एल.वी.-3 सार्वजनिक जल कार्य और स्ट्रीट लाइट पीक ऑवर्स (सुबह) 9 बजे से शाम 5 बजे तक की अवधि के दौरान उपभोग की गई ऊर्जा के लिए ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर पर 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। इसी तरह एल.वी.-2: गैर-घरेलू और एल.वी.-4: एल.टी. औद्योगिक ऑफ पीक/ सौर समय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक की अवधि के दौरान उपभोग की गई ऊर्जा के लिए ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर पर 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। उपरोक्त दोनों ही श्रेणियों में यह छूट 10 किलोवाट से अधिक स्वीकृत लोड / अनुबंध मांग वाले उपभोक्ताओं को ही मिलेगी। वहीं स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए जिसमें एल.वी.-1 घरेलू, एल.वी.-2 गैर घरेलू, एल.वी.-3 सार्वजनिक जल कार्य और स्ट्रीट लाइट और एलवी-4 एलटी औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए ऑफ पीक/ सौर समय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक की अवधि के दौरान उपभोग की गई ऊर्जा के लिए ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर पर 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। यह छूट 10 किलोवाट तक स्वीकृत लोड / अनुबंध मांग वाले उपभोक्ताओं को ही मिलेगी।

# दमोह जिले के पटेरा में 10 हजार से अधिक की आबादी को जल-आपूर्ति का लाभ

## योजना से 2535 घरों को दिया गया नल कनेक्शन



दमोह (ए.)। जिले के पटेरा नगर में जल-प्रदाय परियोजना का सफल क्रियान्वयन किया गया है। यह परियोजना एशियन डेवलपमेंट बैंक के सहयोग से पूरी की गई है। पेयजल परियोजना का कार्य नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत कार्य करने वाली मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी द्वारा किया गया है। परियोजना की लागत 9 करोड़ 42 लाख रुपये है। इस लागत के साथ निर्माण एजेंसी पर परियोजना के 10 वर्षों तक संचालन और संधारण की भी जिम्मेदारी रहेगी।परियोजना के अंतर्गत पटेरा के 2535 घरों को नल कनेक्शन से जोड़ा गया है, जिससे अब प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो गई है। जल की शुद्धि के लिए व्यारमा नदी से पानी लेकर, जल निगम द्वारा निर्मित अत्याधुनिक जल शोधन संयंत्र के माध्यम से इसका शोधन किया जा रहा है।शहर की 10 हजार से अधिक की आबादी को लाभ पहुंचाने के लिये लगभग 45 किलोमीटर लंबी जल वितरण पाइप-लाइन बिछाई गई है। इसके अतिरिक्त जल संग्रहण के लिए 540 किलोलीटर क्षमता का ग्राउंड सर्विस रिजर्वायर भी तैयार किया गया है।इस परियोजना से पटेरा नगर के समस्त 15 वार्डों की जनता को लाभ मिल रहा है। घर-घर नल कनेक्शन मिलने से नागरिकों को अब पानी के लिए दूर जाने की दिक्कतों से छुटकारा मिल गया है। यह पहल न केवल नागरिकों की सुविधा बढ़ा रही है, बल्कि उनके जीवन स्तर में भी सकारात्मक परिवर्तन ला रही है।

## व्यवसायी से 41 लाख की धोखाधड़ी

उज्जैन, (ए.)। डबरा ग्वालियर के व्यापारी के साथ दवा बाजार के व्यापारी सहित दो लोगों ने बीएमडब्ल्यू कार बेचकर 41 लाख रुपए की धोखाधड़ी की जिसकी रिपोर्ट माधव नगर थाने में दर्ज कराई गई है। जंगीपुरा डबरा जिला ग्वालियर में रहने वाले 29 वर्षीय यश पिता सुभाष सदाना ने बताया कि उन्हें बीएमडब्ल्यू कार खरीदना थी।

इसके लिए उन्होंने इंदौर के दलालों से संपर्क किया। उनके माध्यम से 14 दिसंबर 2024 को मुसद्दीपुरा निवासी यश पुरुषार्थी पिता अशोक पुरुषार्थी से देवास रोड स्थित मिठाई की दुकान के बाहर मुलाकात हुई। यहां एक्साइड बैटरी का बिजनेस करने वाले यश अग्रवाल से भी परिचय हुआ था। उक्त लोगों ने फाइनेंशियल कार बीएमडब्ल्यू एक्स 01 जिसका नंबर एमपी 13 जेडएल 8907 का सौदा किया। यश पुरुषार्थी ने कहा कि कार फाइनेंस पर है जिसका सेटलमेंट करना है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान

**उर्मिल वृहद योजना की मुख्य नहर एवं गौरिहार में लघु तालाब, मनुरिया की नहर में पेड़ पौधे एवं झाड़ियों की साफ सफाई की गई**



छतरपुर (ए.)। कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार एवं मरम्मतीकरण का कार्य किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत उर्मिल वृहद योजना के अंतर्गत मुख्य नहर चैन क्रमांक 50 पर साफ सफाई का कार्य किया जा रहा है। एवं गौरिहार के अंतर्गत लघु तालाब, मनुरिया की नहर में अनावश्यक पेड़ पौधे और झाड़ झाड़ियों की साफ सफाई का कार्य किया गया। साथ ही मध्यम परियोजना बेनीसागर बांध के अंतर्गत नहरों के अंतिम छोर में किलोमीटर स्टोन लगाने का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा ग्राम ढिमरवा में ग्रामीण जनों के सहयोग से स्टॉप डैम के पास नाले में स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही बड़ामलहरा में अभियान अंतर्गत तालाब गहरीकरण एवं पिचिंग का कार्य भी किया जा रहा है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के हुआ ग्राम चौपाल आयोजन



मंदसौर(ए.)। कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग के निर्देशानुसार जिले में जल गंगा सर्वधन की गतिविधियां आयोजित हो रही है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा ग्राम वासियों के साथ ग्राम चौपाल का आयेजन किया गया। जिसमें सामाजिक कार्यकर्ता व ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सदस्य उपस्थित थे। चौपाल में बताया गया कि पानी को कैसे खेत, घर व गाँव से बाहर न जाने दे। जल गंगा संवर्धन अभियान एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य नदी, तालाब, पुरानी बावड़ी सार्वजनिक कुआ की स्वच्छता और संरक्षण को बढ़ावा देना है। ग्राम चौपाल में ग्रामीण जन एवं महिलाएं उपस्थित थी।

## परिवहन विभाग द्वारा 09 यात्री बसों पर की 23 हजार रुपये की चालानी कार्यवाही

गुना (ए.)। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एवं विभाग की टीम द्वारा गुना शहर में फतेहगढ तिराहे एवं अशोकनगर रोड पर चैकिंग अभियान चलाया गया। चैकिंग अभियान में 20 यात्री बस चैक की गई जिनमें से 07यात्री बसों पर ओव्हरलोड एवं 01 यात्री बस बिना फिटनेस पाई गई जिनमें से कुल 09 यात्री बसों पर 23,000 /- रूपये जुर्माने के रुप में वसूल किये गये। साथ ही एक दिव्यांगजन यात्री द्वारा वाहन क्रमांक स्क्ष 67 क्ष 1491 बालाजी बस सर्विस की शिकायत पर परिवहन विभाग की टीम द्वारा चालानी कार्यवाही करते हुए रुपये 3000/- रूपये का चालान वसूला गया।कार्यवाही के दौरान परिवहन की टीम में अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ज्ञानेन्द्र वैश्य, चैकपॉइन्ट प्रभारी संतोष सिंह तोमर, विवेक दुबे आरक्षक ध्रुव कुमार मीना, ब्रजेन्द्र उपाध्याय, सोनू ओझा, नितिन शर्मा, चंदन अहिरवार शिवेन्द्र रघुवंशी, हेमन्त रघुवंशी आदि मौजूद रहे। आरटीओ श्री वैश्य द्वारा बताया गया कि जिले में अवैध वाहनों के खिलाफ चैकिंग की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।




## विस्फोट व आग लगने का सीन क्रिएट कर जबलपुर में की गई मॉक ड्रिल



जबलपुर (ए.)। कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देशन में आज सिविक सेंटर स्थित समदड़िया मॉल में नागरिकों की सुरक्षा के लिए शाम 4 बजे मॉक ड्रिल का आयोजन कर आपात हालातों से निपटने की रिहर्सल की गई। मॉक ड्रिल के दौरान प्रशासन तथा पुलिस के अधिकारियों के साथ फायर ब्रिगेड, स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग, बम डिस्पोजल स्क्वाड आदि टीमों ने मॉक ड्रिल में हिस्सा लिया। मॉक ड्रिल के दौरान जबलपुर के सबसे बड़े मॉल में विस्फोट का सीन क्रिएट किया गया। मॉक ड्रिल में घातक बमों को खोजने से लेकर घायलों को अस्पताल पहुंचाने, आग पर काबू पाने सहित कानून व्यवस्था के हालातों को मॉक ड्रिल के जरिए परखने की कोशिश की गई। देशव्यापी मॉक ड्रिल के तहत जबलपुर के चार जगहों पर मॉक ड्रिल किया गया। जिसमें समदड़िया मॉल के अलावा गारमेंट कलस्टर गोहलपुर में शाम 5.15 बजे बम होने की सूचना पर बम डिस्पोजल टीम नागरिकों की सुरक्षा के लिए किये जाने वाले सभी उपाय किये गये। जिले में सिहोरा में शाम 6 बजे और पुराना गोरखपुर थाना में शाम 7.30 बजे मॉक ड्रिल कर नागरिकों को आपात स्थिति से बचने के लिए जागरूक किया गया।

# व्यापार समाचार

## भारत-पाक तनाव के बीच सोने-चांदी के दाम लुढ़के, गोल्ड 97,000 के नीचे आया

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की आगामी मौद्रिक नीति घोषणा से पहले, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया (MCX) पर आज सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई।

MCX पर सोने का भाव आज 96,900 प्रति 10 ग्राम पर खुला, जो इसके पिछले बंद भाव 97,491 से कम था। सुबह 9:05 बजे तक, MCX पर सोना 841 या 0.86त्न की गिरावट के साथ 96,650 प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था। उल्लेखनीय है कि पिछले कारोबारी सत्र में सोने की कीमतों में 3त्न से अधिक की तेजी आई थी।

चांदी का भाव भी आज MCX पर गिरावट के साथ खुला। सुबह 9ञ्05 बजे, चांदी ?251 या 0.26त्न की कमजोरी के साथ 96,450 प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही थी।

बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव और फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों पर संभावित रुख का असर कमोडिटी बाजार पर दिख रहा है। बता दें कि भारत और पाकिस्तान के बीच भू-राजनीतिक तनाव उस समय बढ़ गया जब भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ढांचे पर सटीक हमले करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया। इस सैन्य कार्रवाई में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया।

## घरेलू विमानन कंपनियों की फ्रेश ट्रैवल एडवाइजरी जारी, 10 मई तक कुछ फ्लाइट्स रद्द

नई दिल्ली (आरएनएस)। घरेलू विमानन कंपनियों ने बुधवार को हवाई यात्रियों के लिए फ्रेश एडवाइजरी जारी की। अथॉरिटी की अधिसूचना के बाद 10 मई तक कुछ और उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। इस अधिसूचना में यात्रियों से एयरपोर्ट पर जाने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति जांचने को कहा गया है। एयर इंडिया ने कहा, जम्मू, श्रीनगर, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट की दोनों तरफ की उड़ानें 10 मई को सुबह 5 बजकर 29 मिनट तक रद्द की जा रही हैं।

एयरलाइन ने कहा कि इस अवधि के दौरान वैध टिकट रखने वाले यात्रियों को रिशेड्यूलिंग चार्जेज पर एक बार छूट दी जाएगी या कैंसलेशन के लिए फुल रिफंड की पेशकश की जाएगी। इंडिगो के अनुसार, हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों पर सरकारी अधिसूचना के कारण, कई एयरपोर्ट (अमृतसर, बीकानेर, चंडीगढ़, धर्मशाला, ग्वालियर, जम्मू, जोधपुर, किशनगढ़, लेह, राजकोट और श्रीनगर) से 165 से अधिक इंडिगो उड़ानें 10 मई, 2025 को सुबह 5 बजकर 29 मिनट तक रद्द कर दी गई हैं।

यात्रियों को एयरपोर्ट जाने से पहले एयरलाइन की वेबसाइट या मोबाइल ऐप पर फ्लाइट स्टेटस की जांच करने को कहा गया है। कम लागत वाली एयरलाइन ने एक्स पर एक लेटेस्ट पोस्ट में कहा, जिन ग्राहकों की उड़ानें प्रभावित होती हैं, वे अगली उपलब्ध उड़ान पर बुकिंग को रिशेड्यूल कर सकते हैं या बिना किसी अतिरिक्त लागत के अपनी बुकिंग रद्द करने का विकल्प चुन सकते हैं, जिसके बाद फुल रिफंड की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इन बदलावों को सीधे हमारी वेबसाइट के जरिए मैनेज किया जा सकता है।

इससे पहले, स्पाइसजेट ने कहा, मौजूदा स्थिति के कारण धर्मशाला (डीएचएम), लेह (आईएक्सएल), जम्मू (आईएक्सजे), श्रीनगर (एसएक्सआर) और अमृतसर (एटीक्यू) सहित उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में एयरपोर्ट अगली सूचना तक बंद हैं। इसमें कहा गया है, प्रस्थान, आगमन और अन्य उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी यात्रा की योजना उसी के अनुसार बनाएं और उड़ान की स्थिति की जांच करें।'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारत ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई की। भारत ने नौ आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की और पहलगाम आतंकी हमले का बदला ले लिया।

## एसएटी ने सेबी के आदेश पर रोक लगाने की जेनसोल की याचिका खारिज की



मुंबई(आरएनएस)। प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (एसएटी) ने बुधवार को जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड की उस अपील को खारिज कर दिया, जिसमें सेबी के अंतरिम आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई थी। इस आदेश में फंड डायवर्जन और गवर्नेंस से जुड़ी चिंताओं के मुद्दे पर जेनसोल और इसके प्रमोटर अनमोल सिंह जग्गी तथा पुनीत सिंह जग्गी पर रोक लगाई गई थी। अपीलीय न्यायाधिकरण न्यायमूर्ति पीएस. दिनेश कुमार और तकनीकी सदस्य मीरा स्वरूप की पीठ ने कंपनी को अस्थायी एकपक्षीय आदेश पर भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को जवाब देने के लिए दो सप्ताह का समय दिया है और बाजार नियामक को चार सप्ताह के भीतर जेनसोल के मामले में अंतिम आदेश देने का निर्देश दिया है।

सेबी ने 15 अप्रैल को एक विस्तृत अंतरिम आदेश जारी किया, जिसमें दिखाया गया कि जेनसोल में क्या गलत हुआ। आदेश में कहा गया कि जग्गी बंधुओं सहित जेनसोल के प्रमोटर्स ने कंपनी को अपने निजी 'गुल्लक' की तरह इस्तेमाल किया। कोई उचित वित्तीय नियंत्रण नहीं था और प्रमोटर्स ने लोन राशि को खुद या संबंधित संस्थाओं में डायवर्ट कर दिया था।जेनसोल ने वित्त वर्ष 2022 और वित्त वर्ष 2024 के बीच भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड (इरेडा) और पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) लिमिटेड से 977.75 करोड़ रुपए का लोन प्राप्त किया था।




केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली के पूसा में राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन खरीफ अभियान 2025 के शुभारंभ में भाग लिया.

## पीएनबी ने चौथी तिमाही में 51.7 प्रतिशत के उछाल के साथ 4,567 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ किया दर्ज

नई दिल्ली (आरएनएस)। सरकारी स्वामित्व वाले पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने बुधवार को वित्त वर्ष 2025 की जनवरी-मार्च तिमाही के लिए 4,567 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के 3,010 करोड़ रुपए के आंकड़े से 51.7 प्रतिशत अधिक है। पीएनबी ने वित्त वर्ष 2025 के लिए 2.90 रुपए प्रति इक्विटी शेयर का लाभांश घोषित किया है।

जमा पर दिए गए ब्याज और ऋण पर अर्जित ब्याज के बीच का अंतर, बैंक की शुद्ध ब्याज आय चौथी तिमाही के लिए 4 प्रतिशत बढ़कर 10,757 करोड़ रुपए हो गई। पीएनबी बोर्ड ने वित्त वर्ष 2025 के लिए 2 रुपए अंकित मूल्य के प्रत्येक इक्विटी शेयर पर 2.90 रुपए का लाभांश देने की सिफारिश की है। लाभांश बैंक की आगामी वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है।

सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता की परिसंपत्ति गुणवत्ता जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान बेहतर हुई, जिसमें ग्रॉस नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स पिछली तिमाही के 4.09 प्रतिशत से घटकर 3.95 प्रतिशत हो गईं। चौथी तिमाही के दौरान नेट नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स मामूली रूप से घटकर 0.41 प्रतिशत रह गईं, जो तीसरी तिमाही में 0.4 प्रतिशत थीं। पीएनबी बोर्ड ने बेसल III अनुपालन बॉन्ड जारी कर 8,000 करोड़ रुपए की नई फंडिंग जुटाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी।इसमें 4,000 करोड़ रुपए तक के अतिरिक्त टियर-I बॉन्ड और 4,000 करोड़ रुपए तक के टियर-II बॉन्ड शामिल हैं, जिन्हें वित्त वर्ष 2026 के दौरान एक या अधिक किस्तों में जुटाया जाएगा।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' से पाकिस्तान के शेयर बाजार में भी तबाही, रोकी गई ट्रेडिंग




नई दिल्ली (आरएनएस)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान में मौजूद आतंकियों के कैंप को 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए तबाह कर दिया। भारत के एक्शन से पाकिस्तानी सरकार और सेना में खलबली मची है। दूसरी तरफ, पाकिस्तान के खिलाफ लगातार जारी भारत के एक्शन से वहां की अर्थव्यवस्था पर भी बड़ा असर देखने को मिल रहा है। यहां तक कि पड़ोसी देश के शेयर बाजार में भी भारी गिरावट देखी गई है। पाकिस्तानी स्टॉक एक्सचेंजों में गुरुवार को 6 प्रतिशत से अधिक की गिरावट हुई और जिसके कारण ट्रेडिंग को भी रोक दिया गया है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद से पाकिस्तान के शेयर बाजार में लगातार गिरावट देखी जा रही है। मुख्य सूचकांक कराची स्टॉक एक्सचेंज 100 इंडेक्स (केएसई-100) 22 अप्रैल के बाद से करीब 13 प्रतिशत फिसल चुका है। 22 अप्रैल को केएसई-100 इंडेक्स 1,18,430 पर था, जो अब गिरकर 1,03,060 पर आ गया है। इसके अलावा, अन्य पाकिस्तानी स्टॉक इंडेक्स केएसई-30 भी अब तक 14.3 प्रतिशत लुढ़क चुका है। पाकिस्तान का शेयर बाजार वहां की अर्थव्यवस्था की बदहाली की तस्वीर दिखा रहा है। पाकिस्तान के पास केवल 15 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार है और देश आर्थिक पतन की कगार पर है।इसके साथ ही, पाकिस्तान अपनी जीडीपी को चलाने के लिए आईएमएफ से भी लोन के लिए गिड़गिड़ा रहा है।

## महंगाई से राहत! वेज और नॉन-वेज थाली सस्ती हुई

**शाकाहारी थाली 4 फीसदी घटकर सिर्फ 26.3 रुपए रह गई**

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश की जनता के लिए अच्छी खबर है। एक नवीनतम रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल 2025 में एक सामान्य शाकाहारी थाली की कीमत 4 फीसदी घटकर सिर्फ 26.3 रुपए रह गई है। इस गिरावट की वजह सब्जियों के दामों में तेज गिरावट है, जैसे कि टमाटर 34, आलू 11 और प्याज 6 फीसदी तक सस्ते हो गए हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि नॉन-वेज थाली की कीमत भी 4 फीसदी घटकर 53.9 रुपए रह गई है। इसमें सब्जियों के साथ-साथ पोल्ट्री की कीमतों में भी गिरावट है, जो बर्ड फ्लू की वजह से मांग कम होने और आपूर्ति बढ़ने के कारण हुआ है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि अगले 2-3 महीनों में गेहूं, दाल, और खाद्य तेल की कीमतों में और नरमी की संभावना बताई है, जिससे थाली की कीमत और भी कम हो सकती है। इस तरह की कीमतों में गिरावट से भारतीय जनता को बड़ी राहत मिली है, और आने वाले महीनों में खाने की लागत में और भी कमी की जाने की संभावना है।

## टीवीएस इलेक्ट्रिक बाइक सेगमेंट में कदम रखने की तैयारी में

नई दिल्ली (ए.)। दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी टीवीएस अब इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल सेगमेंट में कदम रखने की तैयारी में है। कंपनी की आगामी इलेक्ट्रिक बाइक को लेकर कई अहम जानकारियां मिली हैं। टीवीएस की यह नई परफॉर्मेंस-ओरिएंटेड इलेक्ट्रिक बाइक ट्रैक पर 200 किमी प्रति घंटा की स्पीड तक पहुंचने की क्षमता रखती है। बीते साल टीवीएस रेसिंग ई-ओएमसी चैंपियनशिप में इसका सफल परीक्षण भी हो चुका है। इस बाइक में मिड-माउंटेड एयर-कूल्ड मोटर का उपयोग किया गया है, जो बेल्ट ड्राइव सिस्टम के जरिए रियर व्हील तक पावर पहुंचाती है। डिजाइन में कई गियर्स का उपयोग किया गया है, जिससे पावर और टॉर्क को बेहतर बनाया जा सकता है। बाइक में डुअल बैटरी पैक दिया गया है जो फ्रेम के दोनों तरफ फिट किया गया है, जिससे गुरुत्वाकर्षण केंद्र निचला बना रहता है और राइडिंग बैलेंस बेहतर होता है। हालांकि, बैटरी पैक फिक्स्ड हैं और इन्हें स्वैप नहीं किया जा सकता, जो कुछ ग्राहकों के लिए एक सीमित विकल्प हो सकता है। बाइक के डिजाइन से यह स्पष्ट है कि यह एक पूरी तरह फेयर्ड प्रीमियम मोटरसाइकिल होगी। इसमें सिंगल-साइडेड स्विंगआर्म, ऑफसेट मोनोशॉक सस्पेंशन और फ्रंट में यूएसडी फोर्क्स जैसे हाई-एंड फीचर्स हो सकते हैं।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## ट्रेड वॉर का द्वितीयक प्रभाव

इस साल की पहली तिमाही में अमेरिकी अर्थव्यवस्था 0.3 प्रतिशत सिकुड़ी। विशेषज्ञों के मुताबिक इसका कारण ट्रेड वॉर का द्वितीयक प्रभाव है। इसका प्राथमिक प्रभाव तो अगली तिमाहियों में देखने को मिलेगा। तब और बुरी खबरें आ सकती हैं। डॉनल्ड ट्रंप के छेड़े व्यापार युद्ध का पहला बड़ा झटका अमेरिकी अर्थव्यवस्था को लगा है। 2025 की पहली तिमाही में अमेरिकी अर्थव्यवस्था 0.3 प्रतिशत सिकुड़ गई। विशेषज्ञों के मुताबिक इसका कारण ट्रेड वॉर का द्वितीयक प्रभाव है। इसका प्राथमिक प्रभाव तो अगली तिमाहियों में देखने को मिलेगा। द्वितीयक प्रभाव से मतलब है कि आयात शुल्क में भारी बढ़ोतरी की संभावना को देखते हुए कंपनियों ने जनवरी से ही आयात की मात्रा बढ़ा दी।उधर उपभोक्ताओं ने चीजों की किल्लत और महंगाई बढ़ने की आशंका में जरूरत से ज्यादा खरीदारियां की हैं। ताजा आंकड़ों के मुताबिक पहली तिमाही में उपभोक्ता व्यय में 1.8 प्रतिशत का इजाफा हुआ। तो चूंकि निर्यात की तुलना में आयात बहुत तेजी से बढ़ा और उपभोक्ता खर्च में भी वृद्धि हुई, तो इसका असर जीडीपी के आंकड़ों में झलका है।यानी जहां आयात बढ़ने के कारण व्यापार घाटा बढ़ने से जीडीपी वृद्धि दर घटी, वहीं उपभोक्ता खर्च बढ़ने से उसे सहारा मिला। लेकिन ये दोनों परिघटनाएं तात्कालिक हैं। बाजार पर टैरिफ का असर असल में आगे जाहिर होगा। इससे बढ़ती बेचैनी अमेजन जैसी बड़ी कंपनियों की प्रतिक्रिया में भी दिखने लगी है। नकारात्मक मूड के प्रभाव से वित्तीय बाजारों में पहले से ही भारी गिरावट आ चुकी है। अब ट्रंप ने इसकी जिम्मेदारी पूर्व बाइडेन प्रशासन पर डाल कर उसके राजनीतिक प्रभाव से बच निकलने का प्रयास किया है। बुधवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि 'अभी जो स्टॉक एक्सचेंज है, वह बाइडेन का है, मेरा नहीं।'ट्रंप ने दलील दी कि वे 20 जनवरी को सत्ता में आए और उनके फैसलों का असर होने में अभी समय लगेगा। उनका दावा है कि जब ये असर होगा, अमेरिका में सुख-समृद्धि लौट आएगी। मगर वे इस तथ्य को नजरअंदाज कर गए कि शेयर और बॉन्ड बाजारों में गिरावट मुख्य रूप से 25 फरवरी के बाद शुरू हुई। उत्पादन और वितरण की अर्थव्यवस्था पर उसका क्या असर होगा, यह तो आने वाले महीनों में जाहिर होगा। इस मामले में ट्रंप के आकलन से अर्थशास्त्री सहमत नहीं हैं। दरअसल असलियत की पहली झलक पहली तिमाही के आंकड़ों से मिल गई है।



)अमृतसर के सांसद गुरजीत सिंह औजला ने उस स्थान का दौरा किया जहां पंजाब के अमृतसर के एक सीमावर्ती गांव में खुले मैदान में प्रक्षेप्य का मलबा मिला था।

# आतंकवाद के विरुद्ध प्रतिशोध और शौर्य का प्रतीक बना 'ऑपरेशन सिंदूर'

**योगेश कुमार गोयल**

**- आतंक के गढ़ में भारत का निर्णायक प्रहार**

भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जवाब 15 दिन बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से देकर एक बार फिर यह जता दिया है कि अब वह न तो चुप रहेगा और न ही आतंकी हमलों को बर्दाश्त करेगा। इस हमले में भारत के 26 निर्दोष लोगों की जान गई थी और यह हमला स्पष्ट रूप से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों से ही संचालित किया गया था। इसके सटीक जवाब में भारत ने 7 मई सुबह डेढ़ बजे पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकियों के 9 ठिकानों को ध्वस्त करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया। भारत की यह एक सुनियोजित, सीमित और सटीक सैन्य कार्रवाई थी, जिसका उद्देश्य स्पष्ट था, आतंकवाद को उसी की जमीन पर कुचलना। इस ऑपरेशन को 'सिंदूर' नाम देना भारत की सांस्कृतिक और भावनात्मक सोच को दर्शाता है। 'सिंदूर' एक ओर जहां भारतीय संस्कृति में शक्ति, सौभाग्य और सम्मान का प्रतीक है, वहीं इस संदर्भ में यह उन शहीदों के बलिदान की लालिमा भी है, जिनकी शहादत का बदला लेने के लिए यह कार्रवाई की गई।

ऑपरेशन सिंदूर के जरिये भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि यह ऑपरेशन केवल उन आतंकी ढ़ांचों के विरुद्ध था, जो लगातार भारत में घुसपैठ, आत्मघाती हमले और हथियारों की तस्करी को बढ़ावा दे रहे थे। बहावलपुर जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ है, वहीं मुजफ्फराबाद और कोटली लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे संगठनों के लिए लांच पैड के रूप में काम आते हैं। इन स्थानों पर हुए हमलों के माध्यम से भारत ने उन आतंकी गुटों की कमर तोड़ने की कोशिश की है, जो वर्षों से भारत को अस्थिर करने की कोशिश में लगे हुए थे। इस ऑपरेशनके जरिये भारत ने अपने नागरिकों को यह भरोसा भी दिलाया है कि देश की सुरक्षा महज कागजों तक सीमित नहीं है बल्कि उसे धरातल पर भी लागू किया जा रहा है। ऑपरेशन सिंदूर यह विश्वास पैदा करता है कि अब भारत किसी भी आतंकी हरकत का जवाब उसी भाषा में देगा और अपने




सैनिकों और नागरिकों की शहादत व्यर्थ नहीं जाने देगा। यह संदेश केवल पाकिस्तान के लिए ही नहीं बल्कि उन ताकतों के लिए भी है, जो सीमा पार से भारत के खिलाफ जंग छेड़े हुए हैं। भारतीय वायुसेना ने इस ऑपरेशन के तहत अत्याधुनिक मिसाइलों का इस्तेमाल करते हुए बहावलपुर, मुजफ्फराबाद, कोटली, मुरीदके, बाघ और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की कुछ आतंक-प्रवण लोकेशनों पर हमलाकर पूरी दुनिया को यह दिखा दिया है कि आतंकवाद से निपटने के लिए उसे अब किसी की अनुमति की आवश्यकता नहीं है और वह अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव कदम उठाने को तैयार है। इस ऑपरेशन की योजना और क्रियान्वयन अत्यंत गोपनीय और तकनीकी रूप से उन्नत स्तर पर हुई। भारतीय खुफिया एजेंसियों ने 22 अप्रैल के हमले के बाद जिस तेजी से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों की पहचान की और सेना के साथ समन्वय किया, वह भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति की परिपक्वता का प्रमाण है। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी बयान में स्पष्ट किया गया है कि इस कार्रवाई का उद्देश्य केवल आतंकवाद के अड्डों को निशाना बनाना था, न कि पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों या नागरिक आबादी को। इस ऑपरेशन के दौरान भारत ने कुल 24 मिसाइलें दागी, जिनमें से अधिकांश लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों के ठिकानों पर सटीकता से गिरी। बताया जा रहा है कि इन हमलों में कई आतंकियों के मारे जाने की खबर है, जिनमें लश्कर और जैश के कई शीर्ष कमांडर भी शामिल हैं, जो भारत में आतंकी हमलों की योजना बनाते रहे हैं। पाकिस्तान का स्थानीय मीडिया और प्रशासन पहले इस हमले को नकारते रहे, फिर अलग-अलग बयान देकर भ्रम फैलाने की कोशिश की। पाकिस्तानी सेना के आईएसपीआर प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने दावा किया कि भारत ने 6 अलग-अलग स्थानों पर मिसाइलें दागी, जिनमें 8 नागरिकों की मौत हुई। वहीं दूसरी ओर, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने जियो टीवी पर दावा किया कि भारत ने अपने ही हवाई क्षेत्र से हमला किया और मिसाइलें रिहायशी इलाकों पर गिरी। पाकिस्तान के दावे आपस में ही विरोधाभासी हैं, जो इस बात का स्पष्ट संकेत है कि वे न तो इस हमले के लिए तैयार थे और न ही उनके पास इसकी ठोस जानकारी है। वहीं, भारत ने इस ऑपरेशन के तुरंत बाद अमेरिका को इस कार्रवाई की जानकारी दी। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने अमेरिकी एनएसए और विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बात कर उन्हें स्पष्ट रूप से बताया कि यह कार्रवाई पूरी तरह आतंकवाद के खिलाफ थी, न कि पाकिस्तान की संप्रभुता के विरुद्ध। भारतीय दूतावास ने अमेरिका में बयान जारी कर बताया कि भारत ने किसी भी पाकिस्तानी नागरिक, सैन्य या आर्थिक ठिकानों को निशाना नहीं बनाया, केवल उन्हीं आतंकी शिविरों पर हमला किया गया, जो भारत के खिलाफ साजिश रच रहे थे। इस ऑपरेशन के पूरे समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसकी निगरानी कर रहे थे। उन्होंने सेना को पूर्ण स्वतंत्रता दी थी और इस ऑपरेशन की बारीकियों पर लगातार नजर बनाए रखी। ऑपरेशन पूरा होने के बाद भारतीय सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर 'जस्टिस इज सर्व्ड' यानी 'न्याय हो गया' लिखा जबकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'भारत माता की जय' के नारे के साथ इस कार्रवाई को राष्ट्र के प्रति समर्पित किया। इस ऑपरेशन के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव और बढ़ना स्वाभाविक था। पाकिस्तान की ओर से फायरिंग और जवाबी बयानबाजी जारी रही।

# जातियों में बांटने का फैसला

**हरिशंकर व्यास**

कैबिनेट बैठक में तय हुआ है कि सरकार घर घर जा कर लोगों की जाति पूछेगी और उसे दर्ज करेगी। सोचें, एक तरफ कहा जा रहा था कि आतंकवादियों ने धर्म पूछ कर मारा, जाति पूछ कर नहीं। तो दूसरी ओर सरकार ने सबकी जाति पूछने का फैसला ले लिया। कहां तो भाजपा के नेता 'बंटोंगे तो कटोगे' या 'एक रहोगे तो सेफ रहोगे' के नारे लगा रहे थे और कहां जातियों में बांटने का फैसला कर लिया। सवाल है कि सरकार ने ऐसा क्यों किया और अगर इस फैसले से एक दिन पहले आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पर सहमति ली तो संघ क्यों सहमत हुआ? क्या संघ को भी लग रहा है कि एक बार सबकी जातीय पहचान बता देने के बाद हिंदू धर्म के नाम पर सबको एकजुट करना ज्यादा आसान होगा?

सरकार के इस फैसले के दो पहलू बहुत साफ दिख रहे हैं। पहला तो आपदा को अवसर बनाने का है। इस समय देश पाकिस्तान पर हमले या आतंकवादियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई का इंतजार कर रहा है। ऐसे में सरकार को लगा होगा कि यह सही समय है जाति गणना का फैसला करने का क्योंकि लोग इस पर ज्यादा ध्यान नहीं देंगे और देंगे भी तो जैसे ही आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई होगी, सारा नैरेटिव बदल जाएगा। अगर उस पहलू पर यकीन करें तो ऐसा लग रहा है कि सरकार पहले से इस पर विचार कर रही थी। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी को सोचने पर मजबूर कर दिया था। लोकसभा चुनाव में हुए नुकसान खास कर उत्तर प्रदेश के नुकसान के बाद भाजपा को लग रहा था कि अगर यही ट्रेंड रहा और चुनाव धर्म या देशभक्ति की बजाय जाति के नाम पर हुआ तो इस साल बिहार में एनडीए हारेगा।




इसके बाद 2027 में उत्तर प्रदेश में भी एनडीए की जगह अखिलेश यादव का पीडीए जीत सकता है और उसके बाद 2029 का चुनाव हाथ से निकल जाएगा। इसलिए खुद भाजपा को जाति का कार्ड खेलना चाहिए। इस सोच में भाजपा ने जाति का कार्ड चला। इस दांव का ज्यादा फायदा लेने की स्थिति में भाजपा है क्योंकि विपक्ष इस समय न जाति गणना कराने की स्थिति में है, न आरक्षण बढ़ाने की स्थिति में है, न निजी सेक्टर में आरक्षण देने की स्थिति में है और न ओबीसी या दलित, आदिवासी को कुछ ऑफर करने की स्थिति में है। दूसरी ओर सरकार सब कुछ दे सकने की स्थिति में है और ऊपर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछड़ा पहचान देश में बिल्कुल निचले स्तर तक लोगों के बीच पहुंची हुई है।

दूसरा पहलू जो है उसको दूर की कौड़ी मान सकते हैं लेकिन वह भी संभव है। ऐसा लग रहा है कि सरकार ने एक तीर से दो शिकार किए हैं। उसने जाति गणना का ऐलान करके विपक्ष का एजेंडा हथियाने का दांव चला है और देश के हिंदुओं में बहुजन यानी पिछड़ा, दलित और आदिवासी को राजनीतिक मैसेज दिया है तो दूसरी ओर पाकिस्तान को धोखा देने का दांव चला है।

# मसलों पर समय सीमा तय करने पर विवाद क्यों ?

**चैतन्य भट्ट**

उच्चतम न्यायालय ने राज्यपालों और राष्ट्रपति के स्तर पर विधेयक स्वीकृत करने संबंधी समय सीमा निर्धारित क्या की, समूचे राजनीतिक जगत में जैसे भूचाल आ गया। नेताओं द्वारा इसे विधायिका की कार्यवाही में सीधा हस्तक्षेप मानते हुए इस कार्यवाही को न्यायपालिका द्वारा अपनी सीमा लांघने जैसे बयान दिए जाने लगे। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बयान दे डाला कि संविधान की मूल भावना के 'अंतिम स्वामी' चुने हुए जनप्रतिनिधि होते हैं और संसद से ऊपर कोई भी नहीं है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे तो इतने आगे चले गए कि, यदि सुप्रीम कोर्ट को ही कानून बनाना है तो संसद और विधानसभाओं को बंद कर देना चाहिए, और भारत में गृह युद्ध के लिए सीजेआई खन्ना जिम्मेदार हैंधनखड़ के बयान पर सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और वरिष्ठ कानूनविद कपिल सिब्बल मैदान में आए। उन्होंने कहा कि न तो संसद और कार्यपालिका नहीं संविधान सर्वोच्च है जिसके प्रावधानों की व्याख्या सुप्रीम कोर्ट द्वारा की जाती है। इस देश ने अब तक कानून को इसी तरह समझा है। सिब्बल ने उपराष्ट्रपति का नाम तो नहीं लिय मगर कहा कि शीर्ष अदालत के हालिया फैसले, जिनकी कुछ भाजपा नेताओं और उपराष्ट्रपति ने आलोचना की है, हमारे संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप और राष्ट्रीय हित से प्रेरित हैं। संसद को कानून बनाने का पूर्ण अधिकार है मगर संविधान की व्याख्या करना और पूर्ण न्याय करना न्यायालय का दायित्व है। जहां तक निशिकांत दुबे का प्रश्न है भाजपा ने उनके बयानों से खुद को अलग कर लिया है लोकतंत्र के महत्वपूर्ण स्तंभ न्यायपालिका और विधायिका के बीच ऐसी परिस्थितियां निस्संदेह दुर्भाग्यपूर्ण हैं।




मेष राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज लंबे समय से चल रही किसी समस्या से आज आपको निजात मिलेगी और आपकी चतुराई और योग्यता की सराहना होगी। आज आपको शुभ सूचना मिलने वाली है। आज आपको लाभ प्राप्ति के साथ-साथ उत्साह और ऊर्जा भी महसूस होगा।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज दिन भर भागा-दौड़ी की स्थिति रहेगी लेकिन कार्य भी सुचारु रूप से बनते जाएंगे। सिर्फ सूझबूझ और व्यवहार कुशलता से अपने कार्यों के प्रति व्यस्त रहें। आज व्यस्ततम दिनचर्या रहेगी लेकिन आप अपने कार्यों को सहज ही पूरा कर लेंगे। वर्तमान परिवेश में आपने जो नई नीतियां बनाई है, इस वजह से आपकी काफी समस्याएं हल होंगी।

मिथुन राशि : आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है आज आप कुछ समय प्रकृति के बीच बिताएंगे आपको मानसिक शांति मिलेगी। आज आपको किसी कार्य को लेकर की गई मेहनत का अनुकूल परिणाम मिलने वाला है। घर में धार्मिक कार्य संपन्न हो सकता है। किसी भी नए निवेश के बारे में प्लान करें आपको अच्छा लाभ हो सकता है। घर में किसी नन्हे मेहमान के आगमन संबंधी शुभ समाचार मिलने से उत्सव का माहौल रहेगा। माता-पिता के आशीर्वाद से किए गए काम में आपको सफलता मिलेगी।

कर्क राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी समारोह में शामिल होंगे आपकी उपस्थिति को महत्व मिलेगा। पुरानी परेशानियों से राहत मिल सकती है। आज आत्मविश्वास और ऊर्जा से अपने काम में लग जाएंगे। अपने भविष्य को लेकर ज्यादा सक्रिय और गंभीर रहेंगे। प्रयास करने पर कहीं फंसा हुआ पैसा वापस मिल सकता है।

सिंह राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज व्यवसाय में बहुत अधिक जिम्मेदारियां और काम का बोझ रहेगा। आलस ना करके पूरे मनोयोग से काम करें, परिणाम भी बेहतर होंगे। कार्यस्थल पर गंभीरता और ईमानदारी से अपने प्रोजेक्ट को अंजाम दें, इस समय आपकी तरक्की के भी योग बन रहे हैं। आज घर में सुख-शांति भरा माहौल रहेगा।

कन्या राशि : आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप अपने बड़े भाई से प्रोपर्टी से रिलेटेड बात करेंगे और फाइनेंस संबंधित कुछ योजनाएं बनेगी। अगर कानूनी समस्या चल रही है तो आज उसका समाधान मिल सकता है। किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति अथवा राजनीतिज्ञ के साथ मुलाकात का अवसर मिलेगा। छात्रों को किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम अनुकूल मिलेगा।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आप करीबी व्यक्ति के बारे में गहराई से विचार करके रिश्ता सुधारेंगे। आज आपको बड़ी उपलब्धि हासिल होगी। आज आपका व्यापारिक दृष्टिकोण हर परिस्थिति में सामंजस्य बनाए रखने में मदद करेगा।

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी भी नकारात्मक स्थिति में घबराने की बजाय उसका समाधान ढूंढे तो जल्दी ही हल भी मिलेगा। वाहन अथवा किसी महंगे उपकरण के खराब होने से बड़ा खर्चा सामने आएगा। विद्यार्थियों को अपनी सोच में और अधिक सकारात्मकता लाने की जरूरत है।

धनु राशि : आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थित मजबूत बनी रहेगी आप सामान की खरीददारी करने मार्केट जा सकते हैं। आज का दिन पारिवारिक सुख-शांति में वृद्धि लेकर आएगा। पारिवारिक मामला आपकी सूझबूझ से हल हो जाएगी। आपकी कार्यकुशलता और योग्यता की सराहना होगी। आज अपने करियर और पढ़ाई को लेकर सजग रहेंगे।

मकर राशि : आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपकी कठिन परिस्थितियों में आपका परिवार आपकी ढाल बनकर सामने रहेगा, इससे आपको साहस मिलेगा। आज का दिन पारिवारिक सुखों में वृद्धि लेकर आएगा। यदि किसी वजह से उलझन बनी हुई थी, तो आज उसका निवारण हो जाएगा।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज प्रोजेक्ट कार्य में आपको अपने जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आपका कार्य करने का और सफलता हासिल करने का जुनून आपको कामयाबी देगा। बिजनेस की रुकावटें दूर होंगी। इंश्योरेंस और कमीशन के बिजनेस में विशेष सफलता मिलेगी । नौकरी कर रहे लोगों को मनचाहे प्रोजेक्ट पर कार्य करना पड़ेगा। आपके बेटे का अच्छी जगह चयन होने से परिवार में उत्सव का माहौल बनेगा।

मीन राशि : आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज किसी पॉलिसी में निवेश करने की योजना बन रही है, तो दिन शुभ है। ये निवेश आने वाले दिनों में बेहतर फायदा देने वाला रहेगा। आज मेहमान नवाजी में भी समय बीतेगा। और घर में आए लोगों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दे पर विचार विमर्श भी होगा। इस राशि के जो लोग किसी बिजनेस से जुड़े हैं उनके लिए आज लाभ का दिन है। आपको किसी करीबी रिश्तेदार से मिलने का अवसर मिलेगा। परिवार में खुशी का माहौल बनेगा।

# आरोप-प्रत्यारोप और छींटाकशी का दौर

**अवधेश कुमार**

इस समय विपक्ष का बयान है कि वो जम्मू-कश्मीर और पहलगाम मामले पर सरकार के साथ है। इससे पहली दृष्टि में आतंकवाद के विरुद्ध देश की एकता का संदेश जाता है।दूसरी ओर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे यह कह रहे हैं कि सरकार की दिशा स्पष्ट नहीं है। यह दुर्भाग्यपूर्ण और अत्यंत चिंताजनक है कि ऐसे समय जब राजनीतिक दलों में एकता दिखानी चाहिए, आरोप-प्रत्यारोप और छींटाकशी का दौर चल रहा है। आतंकवादी हमले के मामले में स्वयं कांग्रेस का रिकॉर्ड इतना बुरा है कि अगर उस दृष्टि से देखें फिर उसके द्वारा प्रश्न उठाने या नरेन्द्र मोदी सरकार को कठघरे में खड़ा करने का नैतिक आधार नहीं होना चाहिए। हालांकि विपक्ष के द्वारा सरकार पर दबाव बढ़ाना या कमियों को सामने लाना स्वाभाविक स्थिति होती है। हमारा दृश्य इससे अलग है। दबाव डालने और प्रश्न उठाने के पीछे सुस्पष्ट इरादा दुश्मन के विरुद्ध निर्णायक प्रतिकार की होनी चाहिए। ध्यान से देखेंगे तो कांग्रेस सहित अनेक पार्टियां सरकार पर तो प्रश्न उठा रहीं हैं, यह भी कह रही हैं कि कार्रवाई के मामले में सरकार के साथ हैं, पर आपको इनमें पाकिस्तान का नाम नहीं मिलेगा। दूसरे, इस समय धीरे-धीरे जिस तरह स्वयं जम्मू कश्मीर के अंदर आतंकवादियों और पाकिस्तान के समर्थकों, जिन्हें 'ओवरग्राउंड वर्कर' कहा जा रहा है, की असलियत सामने आ रही है उन पर भी विपक्षी दल मुंह खोलने को तैयार नहीं है। कोई भी आतंकवादी हमला बगैर स्थानीय समर्थन के संभव ही नहीं। प्रधानमंत्री मोदी अगर स्वयं यह वक्तव्य दे चुके हैं कि अब दुश्मन को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है तो उन्होंने केवल आम लोगों को खुश करने के लिए नहीं बोला होगा। सारे प्रमुख मंत्रिमंडलीय समितियां सुरक्षा, राजनीतिक, आर्थिक की बैठकें हो चुकी हैं। विदेश मंत्री लगातार विदेशी नेताओं से बात कर रहे हैं और नई दिल्ली स्थित प्रमुख दूतावास के लोगों से संवाद हो रहा है। सैन्य प्रमुखों से मुलाकात के बाद यही बयान आया कि सरकार ने सेना को पूरी स्वतंत्रता दी है कि वह अपने अनुसार सूचनाओं के आधार पर जैसे चाहें कार्रवाई करें उसे सरकार का हर तरह का समर्थन प्राप्त होगा। ऐसी स्थिति में हमें अपने देश पर विश्वास करना चाहिए। आतंकवादियों को हर हाल में जिंदा पकड़ने की कोशिश चल रही है। अभी तक ऐसा माना जा रहा है कि आतंकवादी 25 से 30 किलोमीटर के दायरे में ही हैं। उनको जिंदा पकड़ना इसलिए आवश्यक है ताकि पूरे षड्यंत्र का पता चल जाए। जितनी जानकारी है उसकी इनके माध्यम से पुष्टि भी हो जाए। अगर मिल गए तो हाल के समय में आम लोगों पर जितने हमले हुए उनमें से अनेक के षड्यंत्रों का पता चलेगा। आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष में छानबीन कर सटीक जानकारी तक पहुंचने की सबसे बड़ी भूमिका होती है क्योंकि इसके बाद आपके लिए कार्रवाई के लक्ष्य तय करने आसान होते हैं। इसलिए एनआईए की जांच को आतंकवाद विरोधी कार्रवाई का अभिन्न अंग न मानने की भूल नहीं होनी चाहिए। देश के लिए संतोष का विषय होना चाहिए कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, स्थानीय पुलिस, एनआईए, आदि के बीच संपूर्ण समन्वय के साथ कार्रवाई का आगे बढ़ रही है। पाकिस्तान को क्षति का मतलब मुख्य प्रायोजक सेना और वहां के राजनीतिक, मजहबी प्रतिष्ठान को क्षति नहीं होगी इस तरह का आतंकवाद रुक नहीं सकता। सेना की विचारधारा इस्लाम मजहब की ऐसी व्याख्या पर आधारित है जिसमें उनके लिए पाकिस्तान देश का लक्ष्य ही जम्मू कश्मीर को इस्लामी राज्य में परिणत कर अपने साथ मिलना है।

तो यह आतंकवाद पैदा करने के लिए उन्हें ऐसा वैचारिक आधार देता है जिसे वहां के साथ भारतीय जम्मू-कश्मीर में भी समर्थन मिल जाता है। जब पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिफ मुनीर पाकिस्तान को मोहम्मद साहब के रियासत ए तैयबा के बाद दूसरा कलमा से पैदा राज्य बताते हुए कश्मीर की बात करते हैं तो हम आप आलोचना करिए यह पाकिस्तानी सेना और सत्ता के ढांचे के लिए बिल्कुल स्वाभाविक स्थिति होती है। वह आतंकवाद पर रोक लगा ही नहीं सकता।

हम आतंकवादी को मारेंगे, फिर आगे दूसरे हमले के लिए दूसरा समूह तैयार होकर आएगा और अपने अनुसार फिर हमला कर सकता है। इसमें दुनिया में कौन हमें क्या सुझाव देता है यह मायने नहीं रखता। हमें अपनी सुरक्षा करनी है और इसके लिए कोई ताकत हमको नहीं रोक सकती। भारत को स्वयं को शत-प्रतिशत आतंकवाद से सुरक्षित करना है जम्मू- कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने के बाद आए सकारात्मक बदलाव को उसकी तार्किक परिणति तक पहुंचाना है तो पाकिस्तान को उस हालात में पहुंचाना ही होगा जिससे वह आतंकवाद प्रायोजित करने का साहस न कर सके। उसके लिए सिंधु जल संधि समाप्त करना बहुत बड़ा कदम है। भारत ने अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों तक में उसके विरुद्ध बातचीत शुरू कर दिया है ताकि उन्हें किसी तरह उनको मिलने वाली मदद को रोका जा सके।

चीन और तुर्की को छोड़ अन्य देशों से भी अपने संबंधों का लाभ उठाते हुए भारत पाकिस्तान की हर स्तर पर घेरेबंदी की कोशिश कर रहा है। सबसे अंतिम कदम के रूप में भारत ने पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय या तीसरे देश से भी संभावित व्यापार पर कानून में संशोधन कर पूरी तरह रोक लगा दिया है। किंतु एक लक्ष्य के साथ पाकिस्तान को उसके अपराध से कई गुणा ज्यादा क्षति पहुंचाने वाला युद्ध या सैनिक कार्रवाई आवश्यक है। विपक्षी राजनीतिक दलों में भी स्थिति की गंभीरता को समझने वाले नेता हैं।




# देश की संप्रभुता की रक्षा में किसी भी हद तक जा सकते हैं : राजनाथ



नई दिल्ली (ए) । रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत ने हमेशा जिम्मेदार राष्ट्र की भूमिका निभायी है लेकिन यदि कोई सहनशीलता और संयम का नाजायज फायदा उठायेगा तो देश की संप्रभुता की रक्षा में भारत किसी भी हद तक जा सकता है। सिंह ने गुरूवार को यहां रक्षा उत्पादन तथा गुणवत्ता आश्वासन संगठन के एक कार्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारतीय सेनाओं की सराहना की और कहा कि भारत ने हमेशा जिम्मेदार राष्ट्र की भूमिका संयम से निभायी है लेकिन इसका नाजायज फायदा उठाने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। रक्षा मंत्री ने कहा , हमने हमेशा ही एक जिम्मेदार राष्ट्र होने की भूमिका बड़े संयम से निभायी है। हम लगातार इस बात के पक्षधर रहे हैं, कि समस्याओं का समाधान बातचीत के जरिए से हो। परंतु इसका अर्थ यह नहीं है, कि हमारी सहनशीलता का कोई नाजायज फायदा उठाए। यदि कहीं, कोई, हमारे इस संयम का फ़ायदा उठाने की कोशिश करता है, तो उसे कल की तरह ही, 'क्वालिटी कार्रवाई' का सामना करने के लिए भी पूरी तरह तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा , भारत की संप्रभुता की सुरक्षा में, कोई भी हद हमारे लिए बाधा नहीं बनेगी, इसका मैं देशवासियों को भरोसा देता हूँ। ऐसी जिम्मेदाराना कार्रवाई के लिए हम आगे भी पूरी तरह तैयार हैं। सिंह ने कहा कि यदि भारत की यह तैयारी बनी है, तो इसमें गुणवत्ता आश्वासन संगठन की बड़ी भूमिका है। भारत का यह निरंतर बढता औद्योगिक दायरा देश को एक अभूतपूर्व संबल प्रदान कर रहा है। उल्लेखनीय है कि भारतीय सेनाओं ने मंगलवार रात ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की भारतीय सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की नापाक हरकत का गुरूवार सुबह करारा जवाब दिया और पाकिस्तान में अनेक ठिकानों को निशाना बनाकर हमला किया। एक हमले में लाहौर में पाकिस्तानी वायु रक्षा प्रणाली को ध्वस्त कर दिया गया।

### भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच ईरान के विदेश मंत्री पहुंचे दिल्ली

नई दिल्ली, (आरएनएस)। पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला लेने के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति बनी हुए है। इस बीच पूर्व निर्धारित बैठक में हिस्सा लेने ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची नई दिल्ली पहुंच गए हैं। वो 20वीं भारत-ईरान संयुक्त आयोग बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची का भारत दौरा रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से है। दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय वार्ता ऐसे समय में हो रही है जब दोनों देश भारत-ईरान मैत्री संधि की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं।विदेश मंत्रालय की ओर से ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची का स्वागत किया गया। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए विभाग के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, भारत-ईरान संयुक्त आयोग की बैठक के लिए नई दिल्ली पहुंचने पर विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।



विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर नई दिल्ली में 20वीं भारत-ईरान संयुक्त आयोग बैठक (जेसीएम) के दौरान ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची के साथ।

## पहलगाम के गुनहगारों को सजा देने का वादा पूरा, आतंक के आकाओं को मिलाया मिट्टी में : अनुराग सिंह ठाकुर

शिमला (ए) । पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोक सभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तानी सीमा के अंदर आतंकी ठिकानों को नष्ट करने वाले ऑपरेशन सिंदूर की अपार सफलता पर कहा कि भारतीय सेना ने पहलगाम आतंकी हमले के गुनहगारों को सजा देने का वादा पूरा कर पूरे देश को गर्व से भर दिया है।

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने एक बार फिर दिखा दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी संप्रभुता, निजता, एकता व किसी भी भारत विरोधी गतिविधियों का मुंहतोड़ जवाब देना जानता है और नये भारत की ऊर्जावान व भारतीय सेना ईंट का जवाब पत्थर से देने में सक्षम है। कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा बेक़सूर नागरिकों की निर्मम हत्या कर भारत की बेटियों-बहनों का सुहाग उजाड़ने की घटना ने 140 करोड़ भारतीयों को झकझोर दिया था।



श्रीनगर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुरक्षाकर्मी तैनात.

### 800 करोड़ के जीएसटी घोटाले में ईडी की बड़ी कार्रवाई, झारखंड और बंगाल के नौ ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी

रांची (ए) । करीब 800 करोड़ के जीएसटी घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमों ने गुरुवार सुबह झारखंड और बंगाल में नौ ठिकानों पर छापेमारी शुरू की है। झारखंड में रांची के तीन और जमशेदपुर में एक स्थान पर दबिश दी गई है। जिन ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है, वहां सुरक्षा के मद्देनजर सीआरपीएफ के जवानों को तैनात किया गया है।

सूत्रों के अनुसार, दोनों राज्यों के कारोबारियों ने कुल 14,325 करोड़ रुपए के फर्जी जीएसटी इनवॉइस बनाकर 800 करोड़ रुपए से ज्यादा के इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ लिया था। जिन कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है, उनमें शिवकुमार देवरा, सुमित गुप्ता, अमित गुप्ता एवं अन्य शामिल हैं। ईडी ने बंगाल में इस घोटाले में पहले भी छापेमारी की थी, जबकि झारखंड में इसे लेकर पहली बार कार्रवाई की जा रही है। आरोप है कि कारोबारियों ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर व्यापारिक प्रतिष्ठान बनाए और इनपुट टैक्स क्रेडिट का अनुचित लाभ लिया।

## बीकानेर सिलेंडर ब्लास्ट : 9 मौतें, लाखों का सोना मलबे में दबा, दुकानदारों ने कहा- ऐसा लगा जैसे एयर स्ट्राइक हो गई, पूर्व सीएम गहलोत ने जताया दुख




बीकानेर (आरएनएस)। मदान मार्केट में हुए सिलेंडर ब्लास्ट ने पूरे शहर को झकझोर दिया। बुधवार सुबह करीब 11 बजे हुए इस धमाके ने दो फ्लोर वाले बेसमेंट को पूरी तरह मलबे में तब्दील कर दिया। गुरुवार को मलबे से 5 और शव निकाले गए, जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 8 हो गई है। मौके पर गुरुवार सुबह भी प्रशासनिक अमला और रेस्क्यू टीमें जुटी रहीं, लेकिन अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि अंदर और कितने लोग फंसे हैं। उधर, पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने एक्स हैंडल पर लिखा बीकानेर में गैस सिलेंडर फटने से 9 लोगों की दुखद मौत की खबर सुनकर गहरा दुख हुआ। मृतकों के परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। इस कठिन समय में ईश्वर उन्हें यह असहनीय दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूँ।

धमाके से कांप उठा बीकानेर

जिसने भी धमाके की आवाज़ सुनी, वह सिहर उठा। एक दुकानदार ने बताया, धमाका इतना जबरदस्त था कि एक पल को लगा जैसे एयर स्ट्राइक हो गई हो। मार्केट के पास रहने वालों को तो शुरुआत में समझ ही नहीं आया कि हुआ क्या है। देखते ही देखते पूरा बेसमेंट और उसकी दो मंज़िलें ज़मींदोज़ हो गईं। सड़कों पर धुआं, चीख-पुकार और धूल का गुबार छा गया।बेसमेंट में हुए धमाके ने रेस्क्यू ऑपरेशन को और भी मुश्किल बना दिया है। एनडीआरएफ, सिविल डिफेंस और फायर ब्रिगेड की टीमें लगातार काम कर रही हैं, लेकिन हर कदम पर मलबा और अस्थिर ढांचे आड़े आ रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि अंदर फंसे लोगों की संख्या को लेकर अब भी स्पष्टता नहीं है। मलबा हटाते वक्त शव मिलने की आशंका लगातार बनी हुई है।

### श्रीगंगानगर में सभी विभागों की छुट्टियां रद्द, जिला कलेक्टर ने स्कूल, कॉलेजों में की छुट्टी की घोषणा

श्रीगंगानगर (आरएनएस)। भारत की तरफ से पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक के बाद देशभर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। इस बीच, राजस्थान के श्रीगंगानगर में मौजूदा स्थिति को देखते हुए सभी विभागों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं।

श्रीगंगानगर के जिला कलेक्टर ने इस संबंध में आदेश भी जारी किया है। जिला कलेक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं और उन्हें मुख्यालय न छोड़ने का निर्देश दिया है। साथ ही, अगले आदेश तक सभी सरकारी और गैर-सरकारी स्कूलों, निजी कॉलेजों, सरकारी कॉलेजों, मदरसों और आंगनवाड़ियों में छुट्टियां घोषित कर दी गई हैं। जिला कलेक्टर डॉ. मंजू द्वारा जारी आदेश के अनुसार, मौजूदा स्थिति के मद्देनजर सभी तरह की परीक्षाएं भी रद्द की गई हैं।आदेश में कहा गया, मैं डॉ. मंजू, जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला आपदा एवं आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, श्रीगंगानगर, आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के अध्याय 4 की धारा 30 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्रीगंगानगर जिले में सुरक्षा एवं शांति के मद्देनजर स्कूली बच्चों की सुरक्षा के परिप्रेक्ष्य में श्रीगंगानगर जिले के कक्षा 12 तक के समस्त राजकीय एवं गैर-राजकीय (निजी) विद्यालयों, शिक्षण संस्थानों, सीबीएस विद्यालयों, आंगनबाड़ियों और मदरसों के विद्यार्थियों का दिनांक 07.05.2025 से आगामी आदेशों तक अवकाश घोषित करती हूं।

## दर्दनाक हादसा : आरोपी को लेकर जा रही पुलिस की गाड़ी कैंटर से टकराई, सब इंस्पेक्टर समेत पांच लोगों की मौत

अलीगढ़ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। यहां एक आरोपी को ले जा रही पुलिस की गाड़ी कैंटर से टकरा गई। इस हादसे में एक सब इंस्पेक्टर और अभियुक्त सहित कुल पांच लोगों की मौत हो गई है। मामला अलीगढ़ के लोधा थाना इलाके का है। बताया जा रहा है कि लोधा इलाके में पुलिस की गाड़ी एक आरोपी को ले जा रही थी, तभी पुलिस की गाड़ी की कैंटर से टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए और गाड़ी में सवार एक सब-इंस्पेक्टर और आरोपी समेत पांच लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा दो अन्य घायल हुए हैं। वहीं, घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज



के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहन को रास्ते से हटाया गया।डीएसपी संजीव कुमार तोमर ने बताया, पुलिस की गाड़ी चिकावती मोड़ से बुलंदशहर जनपद की ओर जा रही थी, जिसमें गुलशनवर नाम के अभियुक्त को लेकर पुलिस जा रही थी। इसी दौरान गाड़ी की कैंटर से टक्कर हो गई। इस हादसे में एक सब-इंस्पेक्टर और आरोपी समेत पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं और उनका इलाज चल रहा है। कुल मिलाकर तीन पुलिसकर्मी और एक आरोपी की मौत हो गई, जिसमें कुल चार लोगों की मौत हो गई। गाड़ी में छह लोग सवार थे, पांच पुलिसकर्मी और एक आरोपी गाड़ी में सवार थे। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि नींद लगने के कारण यह हादसा हुआ होगा।इससे पहले, 6 मई को बिजनौर के नूरपुर थाने के गुहावर चौराहे पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर ट्रॉली को टक्कर मार दी थी। इस हादसे में कई लोग घायल भी हुए थे।

### सेना ने पाकिस्तान में आतंकी फैक्ट्री को किया खत्म,पहलगाम के हमले का लिया बदला : सुधीर शर्मा

धर्मशाला (आरएनएस)। भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने सेना की पाकिस्तान पर कार्यवाही पर सेना ओर देश के प्रधानमंत्री को बधाई दी और सेना की कर्यवाही को पहलगाव की निर्मम हत्या का बदला करार दिया। सुधीर शर्मा ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में निर्दोष लोगों के निर्माम हत्या कर दी गई और उसके बाद पूरे देश में रोष था वहीं प्रधानमंत्री अपना सऊदी अरब का दौरा छोड़कर आए और सुना के साथ चर्चा की और सेना को पूरा अधिकार दिया कि जहां भी आतंकी छुपे हैं उनसे बदला ले। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग भी लगातार जगह-जगह जाकर भाषण दे रहे थे कि कुछ नहीं करेंगे लेकिन जिस तरह से प्रधानमंत्री ने बिहार की जनसभा में कहा था कि जहां भी आतंकी छुपे होंगे उन्हें मिट्टी में मिला दिया जाएगा और आज उन्हें मिट्टी में मिला दिया गया है पाकिस्तान के अंदर जाकर सेना ने 9 ठिकानों पर हमला किया और आतंकियों की फैक्ट्री जहां पर आतंकवादियों को ट्रेनिंग और तैयार किया जाता था उन्हें खत्म कर दिया है।उन्होंने कहा कि देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सुरक्षित है और आगे कभी भी पाकिस्तान इस तरह की कायराना हरकत करने की हिम्मत नहीं करेगा।

## भारत को छेड़ने वाले लोगों को छोड़ेंगे नहीं, आतंकियों का सफाया करके ही सांस लेंगे : शिवराज सिंह चौहान




नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि भारत किसी को नहीं छेड़ता है, अगर कोई हमें छेड़े तो उसे हम छोड़ते नहीं हैं।

ऑपरेशन सिंदूर पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, हम सबका कल्याण चाहते हैं और इसलिए हम किसी को छेड़ते नहीं हैं, लेकिन यह भी स्पष्ट है कि कोई हमें छेड़ता है तो उसे हम नहीं छोड़ते। यह अद्भुत देश है। एक साथ कई मोर्चों पर काम चल रहा है। भारत अब दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। केंद्रीय कृषि मंत्री ने नई दिल्ली स्थित पूसा में आयोजित कृषि आधारित राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए भारत के आतंकवाद विरोधी अभियान का जिक्र किया। उन्होंने कहा, एक तरफ आईपीएल भी चल रहा है, तो दूसरी तरफ आतंकवादियों के सफाए का महाअभियान चल रहा है। हमारी बेटियों की इज्जत को तार-तार करने वालों का सफाया हो चुका है। इन आतंकवादियों और उनके ठिकानों, उन्हें समर्थन देने वालों का सफाया हो चुका है। पीएम मोदी के नेतृत्व में हमारा यही संकल्प है कि आतंकवादियों को जड़ से मिटाकर ही सांस लेंगे।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, विकास कोई साधारण कार्य नहीं है, यह वास्तव में असाधारण है। हालांकि, मैं इस क्षेत्र में परियोजनाओं और विकास के बारे में अभी विस्तार से नहीं बताऊंगा, लेकिन मैं इतना कहूंगा कि हमारा देश, भारत, 5,000 वर्षों से अधिक पुराने ज्ञात इतिहास वाला एक प्राचीन और महान राष्ट्र है। 6-7 मई की दरमियानी रात को भारतीय सेना ने पहलगाम हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर चलाया था। भारतीय सेना ने पाकिस्तान स्थित नौ आतंकवादी ठिकानों को तबाह कर दिया।पाकिस्तान के इंटर सर्विस पब्लिक रिलेशन (आईएसपीआर) के प्रमुख जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने बताया कि इन हवाई हमलों में कम से कम 26 लोगों की मौत हुई और 46 घायल हुए हैं। ये हमले पीओके और पंजाब प्रांत के उन इलाकों में हुए जहां भारत के अनुसार आतंकियों के ठिकाने थे।

इस स्थिति को देखते हुए पाकिस्तान में रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है। सभी सरकारी अस्पतालों को तैयार रहने को कहा गया है, देश की हवाई सीमाएं 24 से 36 घंटे के लिए बंद कर दी गई हैं, इस्लामाबाद और पंजाब के सभी स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए गए हैं और सुरक्षा बलों को सतर्क कर दिया गया है।

### पृथ्वीराज चव्हाण ने ऑपरेशन सिंदूर कोड नेम पर उठाए सवाल, कांग्रेस पार्टी ने किया किनारा

नई दिल्ली(आरएनएस)। महाराष्ट्र के पूर्व सीएम और वरिष्ठ कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण के ऑपरेशन सिंदूर पर सरकार के भावनात्मक लाभ लेने वाले बयान से कांग्रेस ने किनारा कर लिया है। पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि इस पर कोई टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। दरअसल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कि केंद्र सरकार ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से इसका भावनात्मक लाभ ले रही है। युद्ध बंदूकों, विमानों और बमों का इस्तेमाल करके लड़ा जाता है, न कि प्रतीकात्मकता या भावनाओं के माध्यम से। ऑपरेशन सिंदूर पर पृथ्वीराज चव्हाण के सवाल उठाने को लेकर कांग्रेस ने अपना स्टैंड स्पष्ट किया और उनके इस बयान से दूरी बना ली है।कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि अभी किसी को इस पर टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार कोई भी कदम उठाए, कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती के साथ उनके साथ खड़ी है। पवन खेड़ा ने आगे कहा, आज पूरी दुनिया देख रही है, भारत और पाकिस्तान में फर्क है।

## हिंसा के आरोपी आशीष मिश्रा को लखीमपुर खीरी जाने की इजाजत, सुप्रीम कोर्ट ने दी सशर्त जमानत



नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को लखीमपुर-खीरी हिंसा मामले में आरोपी आशीष मिश्रा को बड़ी राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने आशीष मिश्रा की जमानत की शर्तों में छूट दी है कि आरोपी प्रत्येक रविवार को लखीमपुर खीरी में रुक सकता है।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को लखीमपुर खीरी हिंसा मामले के मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा को राहत देते हुए कहा कि वह शनिवार शाम को लखीमपुर खीरी जा सकता है लेकिन रविवार शाम तक उसे लखीमपुर खीरी छोड़ना होगा।

अदालत ने यह भी कहा कि इस दौरान आशीष मिश्रा किसी सार्वजनिक मीटिंग में भाग नहीं लेगा और न ही किसी राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होगा।

आशीष मिश्रा की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में दलील दी गई थी कि वह अपनी मां और बच्चों से मिल नहीं पाता है। साथ ही वह अपने बच्चों और परिवार के साथ समय बिताना चाहता है।

आशीष मिश्रा के वकील ने आरोप लगाया कि दूसरे पक्ष के जो आरोपी हैं, उनकी जमानत की शर्तों में ऐसा कुछ नहीं है, जबकि वे जमानत के बाद भी लखीमपुर में रह रहे हैं।

इस बीच, यूपी सरकार की तरफ से सुप्रीम कोर्ट को बताया गया कि 16 चश्मदीद गवाहों की गवाही हो चुकी है, जबकि कुल 208 गवाह हैं।


बता दें कि आरोपी आशीष मिश्रा पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी का बेटा है।

दरअसल, साल 2021 में लखीमपुर खीरी में हुई हिंसा के दौरान आठ लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा का बेटा आशीष मिश्रा मुख्य आरोपी है।

सुप्रीम कोर्ट ने बीते साल जुलाई में पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा को 2021 के लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में दी गई अंतरिम जमानत को नियमित जमानत में बदल दिया था।

इससे पहले, शीर्ष अदालत ने आशीष मिश्रा की राष्ट्रीय राजधानी में रहने की जमानत की शर्त में थोड़ी ढील दी थी। उन्होंने इस बात पर विचार करते हुए कहा था कि उसकी मां दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती हैं और उसकी बेटी को भी इलाज की जरूरत है।

# अवनीत कौर ने ब्लैक आउटफिट में बढ़ाया सोशल मीडिया का तापमान, इंटरनेट पर छाई एक्ट्रेस की कातिल अदाएं



एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट से सोशल मीडिया पर आग लगा दी है. उन्होंने इंस्टाग्राम पर ब्लैक आउटफिट में अपनी कुछ बोल्ड तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें उनका ग्लैमरस अवतार देखते ही बन रहा है. तस्वीरों में अवनीत ने ब्लैक बॉडीसूट और हाई हील्स पहन रखी है, जिसमें उनका कॉन्फिडेंट पोज़ और एक्सप्रेशंस सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं. इस पोस्ट को अब तक 2.7 लाख से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं और फैंस लगातार कमेंट्स में दिल और फायर इमोजी के ज़रिए अपना प्यार जता रहे हैं.'हे भगवान', 'अद्भुत', 'हॉटनेस ओवरलोडेड'' जैसे कमेंट्स से पोस्ट भरा हुआ है. फोटोशूट के क्रेडिट में उन्होंने बताया है कि स्टाइलिंग म्मुंडे4442 ने की है, हेयर चीमाबलजीत2 द्वारा किया गया है और मेकअप अवनीत ने खुद किया है. यह पोस्ट न सिर्फ फैशन प्रेमियों के लिए इंस्पिरेशन बन गई है बल्कि अवनीत के फैंस के लिए एक विजुअल ट्रीट भी साबित हो रही है.अवनीत कौर सोशल मीडिया पर अपनी स्टाइलिश और ट्रेंडी अपीयरेंस के लिए जानी जाती हैं, और यह फोटोशूट उनकी उसी छवि को और मज़बूत करता है.

# बॉक्स ऑफिस पर एक ही रफ्तार से आगे बढ़ रही हिट 3 और रेट्रो, कमाई के मामले में नानी किसका पलड़ा भारी



1 मई 2025 को सिनेमाघरों में तमिल फिल्म रेट्रो और तेलुगु फिल्म हिट 3 की भिड़ंत हुई थी, जिसने बॉक्स ऑफिस पर रोमांचक मुकाबला पेश किया। सूर्या और नानी की इन फिल्मों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है, लेकिन नानी की हिट 3 ने कमाई में बाजी मार ली है। आइए, जानते हैं कि छठे दिन दोनों फिल्मों ने कितना कलेक्शन किया और कौन आगे निकला।

शैलेश कोलानू के निर्देशन में बनी हिट 3 में नानी ने एसपी अर्जुन सरकार और श्रीनिधि शेट्टी ने मृदुला का किरदार निभाया है। इस क्राइम थ्रिलर को दर्शकों का जबरदस्त प्यार मिल रहा है, जिसने सूर्या की रेट्रो को पीछे छोड़ दिया।हिट 3 की कुल कमाई अब 58.55 करोड़ रुपये हो गई है। यह फिल्म तेलुगु दर्शकों के बीच खासकर हैदराबाद और बेंगलुरु में मजबूत पकड़ बनाए हुए है।सूर्या और पूजा हेगड़े स्टारर रेट्रो, जिसका निर्देशन कार्तिक सुब्बराज ने किया, ने रिलीज से पहले जबरदस्त हाइप बनाया था। पहले दिन शानदार ओपनिंग के बाद इसकी कमाई में गिरावट आई। वीकेंड पर कलेक्शन में थोड़ी तेजी दिखी, लेकिन वीकडेज में यह कमजोर पड़ रही है।रेट्रो की कुल कमाई अब 48.90 करोड़ रुपये हो गई है, जो तमिलनाडु में मजबूत प्रदर्शन के बावजूद हिट 3 से पीछे है। हिट 3 और रेट्रो के बीच बॉक्स ऑफिस पर कड़ा मुकाबला है, लेकिन हिट 3 ने 58.55 करोड़ के साथ रेट्रो (48.90 करोड़) पर 9.65 करोड़ की बढ़त बना ली है। अब सबकी नजरें दूसरे वीकेंड पर हैं, जहां दोनों फिल्मों के प्रदर्शन से यह तय होगा कि कौन लंबी रेस में आगे रहता है।

# निकिता दत्ता का खुलासा, मैं यूपीएससी की परीक्षा देकर सिविल सर्विस में जाना चाहती थीं



एक्ट्रेस निकिता दत्ता इन दिनों ज्वेल थीफ में अपने काम के लिए तारीफ बटोर रही हैं। इस फिल्म में वह जयदीप अहलावत और सैफ अली खान के साथ नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए बताया कि उनका पालन-पोषण बहुत अनुशासन, तय नियमों और रोजमर्रा की तय दिनचर्या के साथ हुआ था।

निकिता दत्ता ने बताया कि उनका पालन-पोषण ऐसे माहौल में हुआ जहां नियम और जिम्मेदारियां सबसे ज्यादा मायने रखती हैं। इसी परवरिश ने मुझे अनुशासन और मेहनत करना सिखाया। उन्होंने साथ ही खुलासा किया कि वह एक्ट्रेस बनने से पहले यूपीएससी की परीक्षा देकर सिविल सर्विस में जाना चाहती थीं।अपने करियर के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा, मैं एक आर्मी फैमिली से आती हूं। मेरे आसपास लगभग सभी ने किसी न किसी रूप में सेना में सेवा दी है। ऐसे अनुशासित माहौल में पली-बढ़ी होने के कारण, मैं भी एक ऐसा करियर चाहती थी जिसमें स्पष्टता और स्थिरता हो। एक समय ऐसा भी था जब मैं यूपीएससी की परीक्षा देकर सिविल सर्विस में जाना चाहती थी। लेकिन अब जब मैंने एक्टिंग को अपना पेशा चुना है, तो ये बदलाव मेरे लिए बहुत बड़ा लगता है।उन्होंने आगे कहा, हम ऐसे माहौल में बड़े हुए जहां बहुत सारे नियम, दिनचर्या और बंदिशें थीं। हर काम नियम के अनुसार होता था। क्रिएटिव फील्ड में करियर चुनना, जहां हर दिन कुछ नया होता है.. मेरे लिए उस जीवनशैली से बिलकुल अलग था। लेकिन मुझे लगता है कि उस अनुशासित परवरिश ने ही मुझे इस उथल-पुथल भरी इंडस्ट्री में फोकस्ड और मजबूत बनाए रखा है। भले ही फिल्म इंडस्ट्री चुनौतीपूर्ण हो, लेकिन बचपन का अनुशासन और ठहराव मुझे हार न मानने की ताकत देता है।

एक्ट्रेस के बारे में बात करें तो निकिता दत्ता ने 2014 में रोमांटिक ड्रामा लेकर हम दीवाना दिल से अपने अभिनय की शुरुआत की थी। वह गोल्ड, कबीर सिंह, द बिग बुल और खाकी- द बिहार चैप्टर जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। हाल ही में, वह हीस्ट एक्शन थ्रिलर ज्वेल थीफ- द हीस्ट बिगिन्स में नजर आईं।


कुकी गुलाटी और रॉबी ग्रेवाल की निर्देशित इस फिल्म में सैफ अली खान, जयदीप अहलावत और कुणाल कपूर भी थे। ज्वेल थीफ- द हीस्ट बिगिन्स का प्रीमियर 25 अप्रैल, 2025 को नेटफ्लिक्स पर हुआ।

# क्लीन अप क्रू से रवि किशन की पहली झलक आई सामने, दिखा धांसू अवतार

भोजपुरी सिनेमा के मशहूर अभिनेता रवि किशन पिछली बार फिल्म डाकू महाराज में नजर आए थे। इस फिल्म में भले ही उनका किरदार बेहद छोटा, लेकिन बहुत अहम था। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।इन दिनों रवि अपनी आगामी वेब सीरीज क्लीन अप क्रू को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।आखिरकार अब क्लीन अप क्रू से रवि की पहली झलक सामने आ गई है। क्लीन अप क्रू के पहले पोस्टर में रवि का धांसू अवतार दिख रहा है। वह खून से लथपथ चिल्लाते हुए नजर आ रहे हैं। उनकी आंखों में गुस्सा साफ दिख रहा है।जियो स्टूडियो ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, लुक आउट हो गया है! कहानी? अभी भी रहस्य में! इसमें रवि का अनदेखा अवतार देखने को मिलेगा।यह वेब सीरीज कब और कहां रिलीज होगी, फिलहाल यह जानकारी सामने नहीं आई है।

# बॉक्स ऑफिस पर अजय देवगन की रेड 2 बनी 80 करोड़ी, छठे दिन कमाए इतने करोड़ रुपये

अजय देवगन, वाणी कपूर और रितेश देशमुख जैसे सितारों से सजी फिल्म रेड 2 को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 6 दिन पूरे हो गए हैं और यह पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रही है।हालांकि, पिछले कुछ दिन से फिल्म की कमाई की रफ्तार धीमी हो गई है। इसके बावजूद इसने भारत में 80 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है।आइए जानें रेड 2 ने छठे दिन कितने करोड़ रुपये कमाए।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, रेड 2 ने रिलीज के छठे दिन 6.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इस फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन



85.50 करोड़ रुपये हो गया है। रेड 2 ने 19.25 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत की थी। दूसरे दिन फिल्म 12 करोड़ रुपये और तीसरे दिन 18 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही।चौथे दिन इस फिल्म ने 22 करोड़ रुपये और पांचवें दिन 7.5 करोड़ रुपये कमाए।रेड 2 के निर्देशन की कमान राज कुमार गुप्ता ने संभाली है, वहीं भूषण कुमार फिल्म के निर्माता हैं।इसमें वाणी ने अजय की पत्नी की भूमिका निभाई है, वहीं रितेश फिल्म में दादा भाई के किरदार में दिख रहे हैं। रजत कपूर, सौरभ शुक्ला, सुप्रिया पाठक और अमित सियाल जैसे कलाकारों ने भी इस फिल्म में अपनी अदाकारी का तड़का लगाया है।

रेड 2 साल 2018 में आई रेड का सीक्वल है। यह फिल्म जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध है।

# परम सुंदरी पर आया नया अपडेट, 9 मई को रिलीज होगा सिद्धार्थ-जान्हवी की फिल्म का टीजर

सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की नई फिल्म परम सुंदरी का इंतजार कर रहे फैंस के लिए खुशखबरी है। इस रोमांटिक कॉमेडी फिल्म का पहला टीजर इस वीकएंड रिलीज होने जा रहा है। फिल्म को तुषार जलोटा ने निर्देशित किया है।

परम सुंदरी का 58 सेकंड का टीजर 9 मई, 2025 को रिलीज होने वाली फिल्म भूल चूक माफ के साथ सिनेमाघरों में दिखाया जाएगा। भूल चूक माफ में राजकुमार राव और वामिका गब्बी मुख्य भूमिका में हैं। टीजर में दर्शकों को सिद्धार्थ और जाह्नवी की जोड़ी की एक प्यारी झलक देखने को मिलेगी। यह कहानी एक उत्तर भारतीय लड़के और एक दक्षिण भारतीय लड़की की है, जिनके अलग-अलग दुनिया एक दूसरे से टकराती हैं और दोनों प्यार में पड़ जाते हैं। केरल के खूबसूरत बैकवाटर की पृष्ठभूमि में फिल्माई गई इस फिल्म प्यार, हंसी और अनोखे ट्विस्ट से फिल्म के निर्माता दर्शकों का मनोरंजन करने की कोशिश करेंगे।परम सुंदरी की स्क्रिप्ट आरश वोरा और गौरव मिश्रा ने लिखी है। फिल्म का संगीत सचिन-जिगर ने तैयार किया है और गीत अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं।

# जींस पहनते समय न करें ये गलतियां, लुक नहीं लगेगा अच्छा



जींस को पहनना एक सामान्य बात है, लेकिन इसे सही तरीके से पहनना बहुत जरूरी है। जींस पहनते समय कुछ छोटी-छोटी गलतियां हो जाती हैं, जिनसे आपका लुक बिगड़ सकता है।इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी ही गलतियों के बारे में बताएंगे, जिनसे आपको बचना चाहिए ताकि आप हमेशा स्टाइलिश और आरामदायक महसूस कर सकें।सही फिटिंग, रंगों का चयन, एक्सेसरीज का मेल और कपड़ों की देखभाल पर ध्यान देना जरूरी है।

## सही फिटिंग की अहमियत समझें

जींस खरीदते समय सबसे पहले उसकी फिटिंग पर ध्यान दें।ढीली या बहुत टाइट जींस पहनकर आप न तो आरामदायक महसूस करेंगे और न ही स्टाइलिश दिखेंगे। हमेशा अपनी शरीर की बनावट के अनुसार सही फिटिंग वाली जींस चुनें।अगर जींस थोड़ी ढीली लग रही हो तो उसे बेल्ट के साथ पहन सकते हैं, लेकिन बेहतर होगा कि आप सही साइज की जींस ही खरीदें ताकि आपका लुक बेहतरीन लगे।

## रंगों का चयन सोच-समझकर करें

जींस के रंग का चयन करते समय भी सोच-समझकर करें।काले, नीले या हल्के रंग की जींस हमेशा चलन में रहती है और इन्हें अलग-अलग कपड़ों के साथ पहना जा सकता है।हालांकि, बहुत चमकीले रंग की जींस जैसे लाल या पीले रंग की जींस पहनने से बचें क्योंकि ये बहुत जल्दी फैशन से बाहर हो जाती हैं।सही रंग चुनकर आप हमेशा स्टाइलिश और आकर्षक दिख सकते हैं।

## एक्सेसरीज का मेल रखें

जींस पहनते समय एक्सेसरीज का मेल रखना बहुत जरूरी है।अगर आपकी जींस साधारण है तो उसे थोड़ा खास बनाने के लिए बेल्ट, घड़ी या कड़ा जैसी एक्सेसरीज का उपयोग करें।इसके अलावा आप अपने लुक में चार चांद लगाने के लिए एक अच्छा बैग या जूते भी चुन सकते हैं। सही एक्सेसरीज आपके पूरे लुक को बेहतर बना सकती हैं और आपको स्टाइलिश दिखा सकती हैं।

## ऊपरी कपड़े का चुनाव सही करें

जींस के साथ ऊपरी कपड़े का चुनाव करते समय ध्यान रखें कि वे आपकी जींस के साथ अच्छे से मेल खाएं।अगर आपकी जींस डेनिम की है तो उसके साथ सूती शर्ट या टी-शर्ट पहनें, वहीं अगर आपकी जींस सूती की है तो उसके साथ डेनिम जैकेट या ब्लेजर अच्छी लगेगी।सही मेल से आपका लुक और भी खास लगेगा और आप हर मौके पर स्टाइलिश दिखेंगे।

## सफाई और देखभाल पर दें ध्यान

जींस की सफाई और देखभाल पर ध्यान देना बहुत जरूरी है ताकि वे लंबे समय तक नई जैसी दिखें।

जींस को बार-बार धोने से बचें क्योंकि इससे उनका रंग हल्का पड़ सकता है और उनका कपड़ा भी खराब हो सकता है। बेहतर होगा कि आप महीने में एक बार ही उन्हें धोएं और हल्के साबुन का उपयोग करें। इसके अलावा जींस को लटकाकर या सीधे तरीके से सुखाएं ताकि उनका आकार बरकरार रहे।

# सही फेस प्राइमर चुनने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके, मिलेगा मनचाहा परिणाम

***फेस प्राइमर एक मेकअप उत्पाद है, जो चेहरे की त्वचा को नमी देता है और मेकअप को लंबे समय तक टिकाए रखने में मदद करता है। सही फेस प्राइमर चुनना बेहद जरूरी है क्योंकि यह आपके मेकअप लुक को पूरी तरह से बदल सकता है।इस लेख में हम आपको कुछ टिप्स देंगे, जिनसे आप अपने लिए सही फेस प्राइमर चुन सकते हैं और अपने मेकअप को बेहतरीन बना सकते हैं।***



## त्वचा के प्रकार को समझें

सबसे पहले अपनी त्वचा के प्रकार को समझना जरूरी है। आपकी त्वचा तैलीय, शुष्क, मिश्रित या संवेदनशील हो सकती है। हर प्रकार की त्वचा के लिए अलग-अलग तरह के प्राइमर होते हैं। तैलीय त्वचा वालों के लिए मैट प्राइमर अच्छा होता है, जबकि रूखी त्वचा वालों के लिए नमी देने वाला प्राइमर बेहतर रहता है। संवेदनशील त्वचा वालों के लिए प्राकृतिक तत्वों से बना प्राइमर अच्छा रहता है।

## मौसम का ध्यान रखें

मौसम भी सही फेस प्राइमर चुनने में अहम भूमिका निभाता है। गर्मियों में उमस और पसीने की समस्या होती है इसलिए ऑयल-कंट्रोल प्राइमर चुनें।सर्दियों में त्वचा सूखी हो जाती है इसलिए नमी देने वाला प्राइमर बेहतर रहेगा।बरसात के मौसम में नमी भरी हवा होती है, जिससे मेकअप बिगड़ सकता है इसलिए पानी से सुरक्षित प्राइमर का उपयोग करें।

सही मौसम के अनुसार प्राइमर चुनने से आपका मेकअप लंबे समय तक बना रहेगा और त्वचा भी स्वस्थ रहेगी।

## त्वचा की रंगत पर ध्यान दें

हर किसी का त्वचा का रंग अलग होता है, इसलिए अपने रंग के अनुसार प्राइमर चुनना जरूरी है।अगर आपका रंग पीला है तो पीच या पीला प्राइमर अच्छा रहेगा। गुलाबी रंग वालों के लिए गुलाबी या हल्का गुलाबी प्राइमर बेहतर रहेगा।गहरे रंग वालों के लिए ब्रॉन्ज या गहरे टोन वाला प्राइमर अच्छा रहेगा। सही रंग वाला प्राइमर चुनने से आपका मेकअप चेहरे पर जचेगा और त्वचा भी निखरी हुई लगेगी।

## सूरज की हानिकारक किरणों से करें बचाव

आजकल बाजार में सूरज की हानिकारक किरणों से बचाने वाले प्राइमर भी उपलब्ध हैं, जो सूरज की किरणों से सुरक्षा प्रदान करते हैं।यह खासकर उन लोगों के लिए फायदेमंद है, जो दिनभर धूप में रहते हैं या बाहर ज्यादा समय बिताते हैं। ये प्राइमर आपकी त्वचा को निखारने के साथ-साथ उसे सूरज की हानिकारक किरणों से भी बचाते हैं।इसे अपने मेकअप रूटीन में शामिल करने से आपकी त्वचा स्वस्थ और चमकदार बनी रहती है।

## अच्छे ब्रांड पर भरोसा करें

हमेशा अच्छे ब्रांड का प्राइमर खरीदें।सस्ते और घटिया गुणवत्ता वाले प्राइमर आपके त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं और मेकअप को भी खराब कर सकते हैं।अच्छे ब्रांड के प्राइमर न केवल सुरक्षित होते हैं बल्कि उनकी गुणवत्ता भी बेहतर होती है। इन टिप्स की मदद से आप अपने लिए सही फेस प्राइमर चुन सकते हैं और अपने मेकअप को बेहतरीन बना सकते हैं।

## अमेरिका के साथ नहीं होगी सीधी बात, ईरान ने प्रस्ताव से जुड़ी रिपोर्ट को किया खारिज

तेहरान ,(आरएनएस)। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघई ने हाल ही में एक मीडिया रिपोर्ट को खारिज कर दिया है, जिसमें यह कहा गया था कि तेहरान ने वाशिंगटन के साथ सीधे परमाणु वार्ता का प्रस्ताव दिया था। उन्होंने बुधवार को ईरान के प्रेस टीवी से बात करते हुए इजरायली न्यूज वेबसाइट वाईनेट की एक रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया दी, जिसमें दावा किया गया था कि ईरानी विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने अमेरिकी मध्य पूर्व दूत स्टीव विटकॉफ से संपर्क किया था। साथ ही उन्होंने ओमानी मध्यस्थता से निराशा के कारण सीधे परमाणु वार्ता का अनुरोध किया था।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बाघई ने इस बात से भी इनकार किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगले सप्ताह सऊदी अरब की अपनी आगामी यात्रा के दौरान ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान से मिल सकते हैं।

प्रवक्ता ने मीडिया रिपोर्ट और अफवाहों को मनगढ़ंत और बेबुनियाद बताया। साथ ही कहा कि ईरान की कूटनीतिक गतिविधियों, जिसमें अमेरिका के साथ अप्रत्यक्ष वार्ता शामिल है, उसकी सारी जानकारी विदेश मंत्रालय पारदर्शी, पेशेवर और समय पर तरीके से साझा करता है।

ईरान और अमेरिका के प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व अराघची और विटकॉफ कर रहे हैं, उन्होंने अब तक तीन दौर की अप्रत्यक्ष वार्ता की है। पहले और तीसरे दौर की वार्ता ओमान की राजधानी मस्कट में 12 और 26 अप्रैल को हुई, जबकि दूसरा दौर 19 अप्रैल को रोम में हुआ। चौथा दौर 3 मई को रोम में होने वाला था, लेकिन ओमान के मध्यस्थ ने लॉजिस्टिक कारणों से स्थगित कर दिया।

ईरान के सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद से जुड़े नूर न्यूज ने मंगलवार को बताया कि ईरान और अमेरिका के बीच चौथे दौर की अप्रत्यक्ष वार्ता रविवार को मस्कट में होगी।

हालांकि, बुधवार को बाघई ने कहा कि ईरान-अमेरिका वार्ता के चौथे दौर की निश्चित तारीख और स्थान अभी तय नहीं हुआ है।

अमेरिका और ईरान दोनों ने अब तक अपनी वार्ताओं को सामान्य रूप से उपयोगी बताया है, जिसमें पिछला दौर भी शामिल है। यह घोषणा तब की गई है, जब अमेरिका ने ईरानी तेल और पेट्रोकेमिकल्स के कथित अवैध व्यापार में शामिल संस्थाओं पर नए प्रतिबंध लगाए हैं।

## पाकिस्तान : लाहौर स्थित वाल्टन एयरपोर्ट के पास सुनाई दी धमाके की आवाज


लाहौर (आरएनएस)। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तान में हड़कंप मचा हुआ है। इस बीच, पाकिस्तान के लाहौर में धमाकों से जुड़ी खबरें सामने आई हैं। बताया जा रहा है कि लाहौर में एक के बाद एक कई धमाकों की आवाज सुनी गई है।

लाहौर पुलिस के मुताबिक लाहौर के वाल्टन रोड पर जोरदार धमाका हुआ है। करीब 2 से 3 ब्लास्ट हुए हैं। इन धमाकों की आवाज इतनी तेज थी कि लोग घरों से बाहर निकल आए।

फिलहाल धमाकों की वजह और जानमाल के नुकसान का पता नहीं चल पाया है। साथ ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है और किसी को भी घटनास्थल पर जाने नहीं दे रही है।

लाहौर में धमाकों से जुड़ी यह खबर उस समय सामने आई है, जब 6-7 मई की दरमियानी रात को भारतीय सेना ने पहलगाम हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर चलाया।

# या खुदा आज बचा लो', संसद में फूट-फूटकर रोने लगा पाकिस्तानी सांसद;



नई दिल्ली,(आरएनएस)। पहलगाम हमले के बाद भारत औक पाकिस्तान के बीच तनाव का माहौल बना हुआ है। भारत ने पाकिस्तान में कई आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया है। वहीं, इस बीच पाकिस्तान के एक नेता की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। हमले से सहमे पाकिस्तान के नेशनल एसेंबली में PMLN (पाकिस्तान मुस्लिम लीग-एन) सासंद ताहिर इकबाल रोने लगे।

पाक पीएम शहबाज शरीफ की पार्टी है। पाकिस्तानी संसद में ताहिर इकबाल ने कहा कि अल्लाह हमारी हिफाजत करे। भारत की कार्रवाई से पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ सहित कई नेता डरे हुए हैं। भारतीय सेना ने पीओके और पाकिस्तान के कई इलाकों में आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया। इसके बाद बौखलाए पाकिस्तान ने इंडियन आर्मी के कई सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की नाकाम कोशिश की।पाकिस्तान ने भारत के 15 शहरों को टारगेट करने की नाकाम कोशिश की थी, जिसमें से 7 शहर पंजाब के थे। भारत के एस-400 ने आसमान में ही पाकिस्तान के मिसाइल को तबाह कर दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को सर्वदलीय बैठक में कहा कि पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत किए गए मिसाइल हमलों में कम से कम 100 आतंकवादी मारे गए।

## भारत के आतंकी ठिकानों पर हमले से पाकिस्तान में मातम, जनाजों में शामिल हुए पाक सेना और आईएसआई अफसर

इस्लामाबाद ,(आरएनएस)। भारत द्वारा पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक के बाद पड़ोसी मुल्क में मातम का माहौल है। चौंकाने वाली बात यह है कि इन हमलों में मारे गए आतंकवादियों के जनाजों में पाकिस्तानी सेना, पुलिस और खुफिया एजेंसी आईएसआई के अधिकारी भी शामिल हुए और मातम मनाते नजर आए। इस दौरान भारत के खिलाफ नारेबाजी भी की गई, जिसने एक बार फिर आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान के दोहरे चरित्र को उजागर कर दिया है। भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में स्थित 9 आतंकी अड्डों को निशाना बनाते हुए मिसाइलें दागी थीं। इन सटीक हमलों में बड़ी संख्या में आतंकियों के मारे जाने की सूचना है। भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने भारतीय एयरस्पेस में रहते हुए ही पाकिस्तान के बहावलपुर और मुरीदके में आतंकी ठिकानों पर मिसाइल अटैक किए।बताया जा रहा है कि बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा के ठिकानों को निशाना बनाया गया था। इन हमलों में जैश और लश्कर के कई बड़े आतंकवादियों के मारे जाने की खबरें हैं। हमलों के बाद जहां पाकिस्तान सरकार बयानबाजी कर रही थी, वहीं आतंकियों के परिवारों में कोहराम मचा हुआ था।

## पाकिस्तानी सेना के 12 जवानों की मौत, बलोच आर्मी ने आईईडी विस्फोट से उड़ाई गाड़ी




इस्लामाबाद (आरएनएस)। भारत की एयरस्ट्राइक के बाद पाकिस्तान के लिए संकट और गहरा गया है। इस बार झटका अपने ही देश बलूचिस्तान से मिला है। बलोच लिबरेशन आर्मी (BLA) ने एक बार फिर पाकिस्तानी सेना को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। दक्षिण-पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान के माच कुंड क्षेत्र में BLA के स्पेशल टैक्टिकल ऑपरेशन स्क्वैड (STOS) ने सेना की गाड़ी को रिमोट कंट्रोल IED से उड़ा दिया, जिसमें 12 जवानों की जान चली गई।

हमला उस वक्त हुआ जब सुरक्षाबलों की टीम किसी सैन्य ऑपरेशन के लिए जा रही थी। धमाका इतना जबरदस्त था कि सेना की गाड़ी के परखच्चे उड़ गए और जवानों के शव कई मीटर तक बिखर गए। घटना की फुटेज अब सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसमें धमाके की भयावहता साफ नजर आ रही है। हालांकि पाकिस्तानी सेना ने आधिकारिक बयान में सिर्फ 7 सैनिकों की मौत की पुष्टि की है। सेना ने यह भी बताया कि हमले के बाद इलाके में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। बलूच लिबरेशन आर्मी लगातार पाकिस्तान के खिलाफ हिंसक अभियान चला रही है। मार्च में BLA ने क्वेटा-पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस का अपहरण किया था, जिसमें 440 यात्री सवार थे। उसमें भी दर्जनों पाकिस्तानी सैनिक मारे गए थे।

## शहबाज बोले- भारत से 80 विमान आए और पाकिस्तान में कहर बरपा कर चले गए

इस्लामाबाद(ए.)। भारत ने पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकानों को मिटाकर वहां की सरकार और सेना को बड़ा झटका दिया है। भारत के इस हमले को कई घंटे बीत जाने के बाद भी पाकिस्तान में अब भी डर का माहौल बना हुआ है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी भारत की ओर से बरपाए गए कहर को स्वीकार किया है और बताया है कि इस हमले में भारत के 80 विमान शामिल थे।



पाकिस्तानी पीएम शरीफ का कहना है कि किसी भी हमले से निपटने के लिए पाकिस्तान की सेना तैयार थी। हालांकि, इसकी असलियत इसी बात से पता चल जाती है कि भारत ने बिना किसी दिक्कत के कुछ ही मिनटों में मिसाइलों से हमले करके पाकिस्तान के कई ठिकानों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया और पाकिस्तान देखता ही रह गया। यहां तक कि जैश प्रमुख मसूद अजहर के परिवार के 10 लोगों की भी इस हमले में मौत हो गई। बता दें कि भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेते हुए पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइलों से जोरदार हमला बोला। बीती रात हुई इस कार्रवाई का नाम ऑपरेशन सिंदूर रखा गया था, जिसमें जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के 90 से ज्यादा आतंकी ढेर हो गए।

दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के बीच संसद के सत्र को संबोधित करते हुए शहबाज ने दावा किया, 80 भारतीय विमान हमले में शामिल थे। शरीफ ने आगे कहा कि उनकी सेना को भारत की योजनाओं के बारे में पहले से ही खुफिया जानकारी थी।

### ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तान की बौखलाहट, अपना पूरा एयर स्पेस बंद किया; क्यों उठाया ये कदम?

इस्लामाबाद ,(आरएनएस)। भारत द्वारा चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तान सरकार और उसकी सेना में खलबली मची हुई है। इस कार्रवाई की प्रतिक्रिया में पाकिस्तान ने अब अपने पूरे हवाई क्षेत्र को सभी तरह की उड़ानों के लिए बंद करने का बड़ा कदम उठाया है।

पहले पाकिस्तान ने सिर्फ भारतीय विमानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद किया था, लेकिन भारत की एयरस्ट्राइक के बाद पाकिस्तान के आलाकमान ने सभी देशों की उड़ानों के लिए हवाई क्षेत्र को प्रतिबंधित कर दिया है। यहां तक कि पाकिस्तान ने अपनी नागरिक उड़ानों के लिए भी हवाई क्षेत्र को पूरी तरह से बंद कर दिया है, केवल कुछ बेहद जरूरी उड़ानों को ही अनुमति दी जा रही है।

इस फैसले के कारण पाकिस्तान में लगभग 135 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। रियल-टाइम फ्लाइट ट्रैकिंग सेवा फ्लाइट रडार 24 के आंकड़ों के अनुसार, भारतीय सेना की एयरस्ट्राइक के बाद से पाकिस्तान में 16त्न और भारत में 3त्न कमर्शियल उड़ानें रद्द हुई हैं।



# रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट में 5 अद्भुत रिकॉर्ड्स, जिन्हें तोड़ पाना असंभव



नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने अचानक बुधवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है. रोहित ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर अपने संन्यास की जानकारी दी है. हिटमैन ने 67 मैचों की 116 पारियों में 12 शतक और 18 अर्धशतकों के साथ 4301 रन बनाए हैं. उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 2 विकेट भी हासिल किए हैं. आज उनके टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने के मौके पर हम आपको उनके 5 अद्भुत रिकॉर्ड्स के बारे में बताने वाले हैं.

भारत के लिए रोहित शर्मा ने अपना टेस्ट डेब्यू 6 नवंबर 2013 को किया था. उन्होंने अपने टेस्ट डेब्यू पर सेंचुरी लगाई थी. वेस्टइंडीज के खिलाफ कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम पर उन्होंने 301 गेंदों में 177 रनों की शानदार पारी खेली थी. इस पारी के दौरान उन्होंने 23 चौके और 1 छक्का लगाया था. इस मैच को टीम इंडिया ने एक पारी और 51 रनों से जीत लिया.रोहित शर्मा ने साल 2019 में कमाल कर दिखाया जब उन्होंने एक मैच की दोनों पारियों में शतक लगाया. दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विशाखापट्टनम में खेले मैच में रोहित शर्मा ने पहली पारी में 176 और दूसरी पारी में 127 रन बनाए थे. भारत के लिए वो एक मैच की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए.भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा के नाम टेस्ट क्रिकेट में एक और अद्भुत रिकॉर्ड दर्ज है. वो भारत की ओर से 7वें विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी बनाने वाले खिलाड़ी है. उन्होंने भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के साथ मिलकर 435 गेंदों में 280 रनों की साझेदारी की थी. रोहित ने ये कारनामा वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने डेब्यू टेस्ट मैच में किया था.रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट में लगातार 5 मैचों में 50 रनों का आंकड़ा पार करने का रिकॉर्ड भी बनाया है. उन्होंने 2016 में न्यूजीलैंड के खिलाफ कानपुर टेस्ट की दूसरी पारी में नाबाद 68, कोलकाता में दूसरी पारी के दौरान 82, इंदौर में पहली पारी में नाबाद 51, 2017 में श्रीलंका के खिलाफ नागपुर में नाबाद 102 और दिल्ली में पहली पारी में 65 और दूसरी पारी में नाबाद 50 रन की पारी खेली थी.रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज होने का रिकॉर्ड रखते हैं. उन्होंने 67 मैचों की 116 पारियों में कुल 88 छक्के लगाए हैं. भारत के लिए सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग हैं जिन्होंने 90 छक्के लगाए हैं. रोहित उनसे सिर्फ 2 छक्के दूर रह गए.

## ओलंपिक के लिए लवलीना को बदलना होगा वजन वर्ग

नई दिल्ली (ए.)। अब अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए 75 किग्रा भार वर्ग को समाप्त कर दिया है। ऐसे में भारतीय महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन को अब 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक को देखते हुए अपना वजना वर्ग बदलना होगा। लवलीना अब तक 75 किग्रा भार वर्ग में उतरती रही हैं पर उन्हें अब या तो 70 किग्रा तक नीचे जाना होगा या 80 किग्रा से अधिक वजन वर्ग में उतरना होगा। आईओसी की घोषणा को देखते हुए लवलीना ने कहा, ''यह मेरे लिए बिल्कुल नई जानकारी है। यह काफी चौंकाने वाली है। मुझे लगता है कि मुझे 70 किग्रा तक नीचे जाना होगा क्योंकि मेरे लिए 80 किग्रा से अधिक तक जाना मुश्किल होगा।''



उनकी निजी कोच प्रणामिका बोरा भी इस बदलाव हैरान थी लेकिन उन्होंने कहा कि फिटनेस और चिकित्सा मूल्यांकन के बाद ही नए वजन वर्ग को लेकर कोई अंतिम फैसला किया जाएगा। बोरा ने कहा, '''इस खबर से मैं वास्तव में हैरान हूं। अभी किसी फैसले पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। वह 70 और 80 दोनों वजन वर्गों में उतर सकती है लेकिन हमें इस पर फैसला करने से पहले कुछ परीक्षण करने होंगे।''अभी बोरगोहेन का वजन 74 किलोग्राम है और बोरा ने कहा कि बहुत अधिक वजन कम करने से ताकत में कमी आ सकती है। इसलिए हम देखेंगे कि उसे किस चीज से अधिक फायदा मिलता है।'' इस महिला मुक्केबाजी को पिछले महीने ही 2028 ओलंपिक में शामिल करने की पुष्टि की गई थी।

## सीएसके ने रोमांचक मुकाबले में केकेआर को चटाई धूल, ब्रेविस और दुबे ने खेलीं शानदार पारियां

### नूर ने चटकाए 4 विकेट

कोलाकाता,(ए.)। आईपीएल 2025 के 57वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 2 विकेट से हरा दिया है. धोनी ने अंत तक नाबाद रहते हुए अंशुल कम्बोज के साथ मिलकर अंतिम ओवर में 2 बॉल बाकी रहते हुए टीम को जीत दिला दी. यह चेन्नई की टूर्नामेंट में तीसरी जीत है. केकेआर इस हार ने केकेआर की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को कुछ हद कर झटका दिया है.

इस मुकाबले में केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने टॉस जीता और चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को पहले बॉलिंग करने के लिए कहा. केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करने हुए 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 179 रन बनाए. सीएसके ने 19.4 ओवर में 8 विकेट खोकर 180 रनों के लक्ष्य को 183 रन बनाकर सफलता पूर्वक हासिल कर लिया.

चेन्नई सुपर किंग्स के लिए 180 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए डेवाल्ड ब्रेविस ने 25 बॉल पर 4 चौके और 4 छक्कों के साथ 52 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली. शिवम दुबे ने 40 बॉल में 2 चौके और 3 छक्कों के साथ 45 रनों की पारी खेली.

इन दोनों के अलावा डेब्यू मैच में उर्विल पटेल ने 11 बॉल में 1 चौके और 3 छक्कों के साथ 31 रनों की विस्फोटक पारी खेली. धोनी 17 और अंशुल कम्बोज 4 रन पर नाबाद रहे और अपनी टीम को जीत दिलाकर लौटे. केकेआर के लिए वैभव अरोड़ा ने 3, हर्षित राणा और वरुण चक्रवर्ती ने 2-2 विकेट हासिल किए. 1 विकेट मोईन अली के हाथ भी लगा.

इससे पहले केकेआर के कप्तान रहाणे ने 33 बॉल में 4 चौके और 2 छक्कों के साथ 44 रनों की पारी खेली. उनके अलावा सुनील नारायण ने 26, मनीष पांडे ने नाबाद 36 और आंद्रे रसेल ने 38 रन बनाए. चेन्नई सुपर किंग्स के लिए नूर अहमद ने 4 ओवर में 31 रन देकर 4 विकेट हासिल किए. उनके अलावा रविंद्र जडेजा व अंशुल काम्बोज ने 1-1 विकेट अपने नाम किया.

## स्पिनर वरुण पर जुर्माना

कोलकाता (ए.)। आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पर जुर्माना लगाया गया है। वरुण पर सीएसके के खिलाफ मैच के दौरान मैच फीस का 25 फीसदी जुर्माना लगाया गया है और साथ ही उनके खाते में एक नकारात्मक अंक भी दर्ज हुआ है। वरुण को आईपीएल आचार संहिता की धारा 2.5 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। ये मैच में किसी अन्य खिलाड़ी के प्रति अपमानजनक भाषा, कार्य या हाव-भाव का प्रयोग करने या आक्रामक प्रतिक्रिया भड़काने को लेकर है। आईपीएल की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, वरुण ने अपनी गलती को अपराध को स्वीकार कर लिया है और मैच रेफरी की सजा को मान लिया है। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का फैसला अंतिम माना जाता है।इसके तहत जब कोई बल्लेबाज आउट होकर पवेलियन लौट रहा होता है तो उत्साह में कई बार गेंदबाज बल्लेबाज ऐसी प्रतिक्रिया देते हैं, जिससे बल्लेबाजी की ओर से जवाबी प्रतिक्रिया मिलने की संभावना बढ़ जाती है। इससे कई अवसरों पर मैदानी अंपायरों को बीच-बचाव के लिए आना पड़ता है। गेंदबाज की ओर से बल्लेबाज के प्रति इस तरह की प्रतिक्रिया को अपमानजनक माना जाता है। जब कोई बल्लेबाज आउट होकर पवेलियन लौट रहा हो उस समय गेंदबाज की ओर से उसके बहुत करीब जाकर जश्न मनाना, आउट बल्लेबाज को मौखिक रूप से गाली देना, पवेलियन की ओर इशारा करना आदि ऐसे मामले हैं जिनमें गेंदबाज को दोषी ठहराया जा सकता है।



# बावुमा का डब्ल्यूटीसी फाइनल में खेलना संदिग्ध



जोहान्सबर्ग (ए.)। दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम के टेस्ट कैप्टन टेम्बा बावुमा के जून में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में खेलने को लेकर आशंकाएं हैं। बाउमा अभी तक कोहनी की चोट से नहीं उबरे हैं। डब्ल्यूटीसी का फाइनल मुकाबला 11 जून से शुरु होगा और इसमें अभी दो माह का ही समय है। बावुमा कोहनी में चोट के कारण घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट टूर्नामेंट से भी बाहर हैं। बावुमा पहले फाइनल के लिए केप टाउन से लायंस टीम के साथ जुड़ने वाले थे पर अब भी फिट नहीं होने के कारण उन्हें बाहर बैठना पड़ा है। ये पहली बार नहीं है जब बावुमा खराब फिटनेस के कारण मुकाबलों से बाहर हैं। वह साल 2022 में भी अपनी बाईं कोहनी की चोट से परेशान थे। जिससे उन्हें काफी समय बाहर रहना पड़ा और वह तब इंग्लैंड दौरे से बाहर हो गये थे। पिछले साल भी अबू धाबी में एक एकदिवसीय में आयरलैंड के खिलाफ एक रन लेते हुए वह अजीब तरह से कोहनी के बल गिरने के बाद बाहर हो गये गये थे।

इसके बाद बावुमा ने वापसी करते हुए श्रीलंका के खिलाफ चार अर्धशतक के साथ वापसी की। उन्होंने पिछले महीने चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी की थी पर वह अपनी कोहनी पर भारी स्ट्रैपिंग के साथ उतरे थे। चैंपियंस ट्रॉफी के बाद से ही वह खेल से दूर हैं।

## जूनियर विश्व कप हॉकी में अच्छा प्रदर्शन करना है लक्ष्य : साक्षी राणा

नई दिल्ली (ए)। भारतीय महिला हॉकी टीम की युवा फॉरवर्ड साक्षी राणा का लक्ष्य इस साल के अंत में चिली में होने वाले जूनियर विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करना है। हॉकी प्रो लीग में सीनियर टीम की ओर से खेलते हुए साक्षी ने अच्छा प्रदर्शन किया था जिससे भी इस खिलाड़ी के हौंसले बुलंद हैं। जूनियर विश्वकप इस साल के अंत में चिली में होगा। साक्षी ने स्पेन के खिलाफ पदार्पण मैच में ही गोल किया था जबकि भारतीय टीम ये मुकाबला 3-4 से हार गयी थी। साक्षी ने कहा, 'मैं लंबे समय से पदार्पण का इंतजार कर रही थी इसलिए टीम में जगह पाकर उत्साहित हूं। मैं मैच से पहले दबाव में नहीं थी क्योंकि सीनियर खिलाड़ियों ने मेरा समर्थन कर कहा था कि निडर होकर खेलना। उन्होंने कहा, 'मेरा लक्ष्य पहले मैच में गोल करने का था। मैने जब गेंद पाई तो देखा कि मेरे आसपास कोई नहीं है। मैने शॉट लगाया और गोल हो गया। । साक्षी ने कहा, 'मैने हॉकी इंडिया लीग और प्रो लीग में विदेशी खिलाड़ियों के साथ खेला तो मुझे पता चला कि रफ्तार कितनी जरुरी है। मुझे फॉरवर्ड पंक्ति में होने के कारण मैदान पर अपनी रफ्तार अधिक से अधिक बढ़ानी होगी। इसलिए अब मैं इसी पर काम कर रही हूं। साक्षी पिछले साल जूनियर एशिया कप जीतने वाली टीम में भी शामिल थी।

## अजिंक्य रहाणे ने रचा इतिहास, आईपीएल में 5000 रन बनाने वाले भारत के छठे बल्लेबाज बन

कोलकाता,(ए.)। अजिंक्य रहाणे ने कोलकाता नाइट राइडर्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेले जा रहे आईपीएल 2025 के 57वें मैच में इतिहास रचते हुए एक खास उपलब्धि हासिल कर ली है. कोलकाता के ईडन गार्डन्स क्रिकेट स्टेडियम में रहाणे ने आईपीएल इतिहास में अपने 5000 रन पूरे कर लिए हैं.

अजिंक्य रहाणे ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 31 रन बनाते ही इंडियन प्रीमियर लीग में अपने 5000 रन पूरे कर लिए. इस मैच से पहले उन्होंने 96 आईपीएल मैचों में कुल 4969 रन बनाए हैं. अब वो आईपीएल में 5000 रन बनाने वाले भारत के छठे बल्लेबाज बन गए हैं. उनसे पहले विराट कोहली, रोहित शर्मा, शिखर धवन, सुरेश रैना और महेंद्र सिंह धोनी 5000 के आंकड़े को पार कर पाए हैं. इसके साथ ही वो आईपीएल में 5000 रन बनाने वाले ओवरऑल बल्लेबाजों की लिस्ट में 9वें स्थान पर आ गए हैं.इस मैच में केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने टॉस जीता और चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को पहले बॉलिंग करने के लिए कहा. केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करने हुए 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 179 रन बनाए. केकेआर के कप्तान रहाणे ने 33 बॉल में 4 चौके और 2 छक्कों के साथ 44 रनों की पारी खेली. उनके अलावा सुनील नारायण ने 26, मनीष पांडे ने नाबाद 36 और आंद्रे रसेल ने 38 रन बनाए. चेन्नई सुपर किंग्स के लिए नूर अहमद ने 4 और रविंद्र जडेजा व अंशुल काम्बोज ने 1-1 विकेट अपने नाम किया .

# द चैम्प्स फन स्कूल में समर कैंप की रंगारंग शुरू

## रचनात्मकता के साथ गर्मी की छुट्टी को आनंददायक बनाने का कैंप





नर्मदापुरम (निप्र) । द चैम्प्स फन स्कूल में बच्चों के शारीरिक, मानसिक रचनात्मक और तकनीकी विकास को ध्यान में रखते हुए 21 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ  किया गया। इस समर कैंप का उद्देश्य नन्हें बच्चों को गर्मी की छुट्टियों में कुछ नया उपयोगी और आनंददायक सीखने का अवसर प्रदान करना है जिससे अपनी पढ़ाई से ब्रेक के समय बच्चे आनंद ले सकें।समर कैंप में बच्चों को डांस की नई तकनीकों कराटे सेल्फ डिफेंसए म्यूज़िक ट्रेनिंग और रोबोटिक्स जैसे आधुनिक व पारंपरिक कौशलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। म्यूज़िक क्लासेस के माध्यम से बच्चों को वोकल ट्रेनिंगए ताल लय और सुर का अभ्यास करवाया जा रहा है जिससे उनकी अभिव्यक्ति क्षमता व आत्मविश्वास में वृद्धि हो रही है। वहीं रोबोटिक्स के जरिए बच्चों को तकनीक की बुनियादी समझ सेंसर कोडिंग व नवाचार से परिचित कराया जा रहा है।इसके अलावा कैंप में पर्सनालिटी डेवलपमेंट के साथ आर्ट एंड क्राफ्ट ड्रॉइंगए स्केचिंग स्टोरी टेलिंग फन गेम्स जैसी रचनात्मक गतिविधियाँ भी करवाई जा रही हैं। शेयरिंग एंड केयरिंग ग्रुप लंच और इनडोर गेम्स की गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में सामाजिकता सहयोग और अनुशासन की भावना विकसित की जा रही है।विद्यालय द्वारा इस समर कैंप को  प्रभावशाली बनाने के लिए प्रोफेशनल प्रशिक्षकों की सहायता ली जा रही है जो हर गतिविधि को व्यवस्थित और प्रशिक्षुन्मुखी रूप से संचालित कर रहे हैं।कैंप के दौरान एक आउटडोर एजुकेशनल ट्रिप का भी आयोजन प्रस्तावित है जिसमें बच्चों को व्यवहारिक अनुभवों से सीखने का अवसर मिलेगा।विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती जूही चटर्जी ने बताया कि श्यह समर कैंप बच्चों के बहुआयामी विकास की दिशा में एक अभिनव और सराहनीय पहल है। बच्चे उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं और हर दिन कुछ नया सीखते हुए आनंदित हो रहे हैं।

# एस.डी.आर.एफ. टीम द्वारा 600 बालिका कैडेट्स को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण



नर्मदापुरम (निप्र)। शासकीय कन्या शिक्षा परिसर, नर्मदापुरम में आयोजित 5 एम.पी. गर्ल्स बटालियन के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत आज 600 बालिका एन.सी.सी. कैडेट्स को आपातकालीन परिस्थितियों में आमजन की सहायता करने हेतु विशेष प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण एस.डी.आर.एफ. (राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल) की टीम द्वारा प्रदान किया गया। प्लाटून कमांडर अमृता दीक्षित एवं उनकी टीम ने बालिका कैडेट्स को यह बताया कि आपदा या अन्य विपरीत परिस्थितियों में एन.सी.सी. कैडेट्स किस प्रकार जनता की मदद कर सकते हैं। कमान अधिकारी कर्नल दिनेश कनौजिया ने जानकारी दी कि यह प्रशिक्षण बालिकाओं को भविष्य में किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से निपटने में सक्षम बनाएगा और उनकी नेतृत्व क्षमता को सशक्त करेगा। इस अवसर पर सहायक जिला मजिस्ट्रेट डी.के. सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्रा, जिला कमांडेंट राजेश जैन, विद्यालय के प्राचार्य एवं आर्मी स्टाफ उपस्थित रहे।

# महारानी के सेट पर बच्चों ने समझी कैसे होती है शूटिंग



नर्मदापुरम ( निप्र) । पिछले 10 दिन से शहर में महारानी वेब सीरीज की शूटिंग चल रही है। हर सीन के पहले डायरेक्टर रोल कैमरा एक्शन कहते है पर गुरुवार को शूटिंग के सेट पर अलग ही नजारा था डीपीओ अनुराग सोलंकी कैमरे पर और डायरेक्टर पुनीत प्रकाश मॉनिटर पर थे पर रोल कैमरा एक्शन की सामूहिक आवाज बच्चे लगा रहा थे। दरअसल मुस्कान संस्था की बच्चियों ने महारानी के सेट की विजिट कर शूटिंग की प्रक्रिया को समझा। डायरेक्टर पुनीत प्रकाश, डीओपी अनुराग सोलंकी के अलावा एक्टर विनीत कुमार, प्रमोद पाठक के साथ बच्चों ने चर्चा की और फोटो खिंचवाए। इसके पूर्व बच्चियों से बेस पर प्रोड्यूसर नरेन कुमार, डिम्पल खरबंदा, एसडीओपी पराग सैनी, आरआई स्नेहा सिंह चंदेल, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष शैलेन्द्र कौरव, सदस्यगण श्याम मीना ,सारिका कटरे, अनीता जाट,जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास ललित डेहरिया, बाल संरक्षण अधिकारी आशु पटेल आदि ने चर्चा की और साथ में सहभोज किया।

## चक्कर रोड़ से कुलामढ़ी रोड तक बन रही सड़क का नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

नर्मदापुरम ( निप्र) । नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के नेतृत्व में नगर विकास के कार्य किए जा रहे हैं। हरेक वार्ड में विकास कार्य अनवरत जारी हैं। वार्ड क्रमांक 14 चक्कर रोड से कुलामढ़ी रोड तक बन रही सीसी सड़क का निरीक्षण नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्य प्रभारी सीएमओ महेंद्र तोमर व वार्डवासी उपस्थित थे। कार्य प्रभारी श्री तोमर ने बताया कि चक्कर रोड से कुलामढ़ी रोड तक नगर की सबसे लंबी 650 मीटर लंबी 30 से 35 फिट चौड़ी सड़क बन रही है। इसका निरीक्षण बुधवार को नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा किया गया। उन्होंने निर्माण एजेंसी को गुणवत्तापूर्ण एवं कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने निर्देश दिए गए। स्थानीय पार्षद एवं वार्डवासियों ने सड़क बनने पर आभार माना।  इस सड़क के बन जाने से नगर के यातायात दबाव में कमी आएगी। अब नागरिकों को इटारसी कुलामढ़ी जाने के लिए मीनाक्षी चौक का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। माखननगर बांद्राभान की तरफ से आने वाले राहगीर चक्कर रोड से कुलामढ़ी रोड से होते हुए सीधे इटारसी रोड पर पहुंच जाएंगे।

# नर्मदा तट पर 9 वर्षो से चलाया जा रहा है स्वच्छता अभियान, हर गुरुवार की जा रही है साफ-सफाई

नर्मदापरम (निप्र)। नर्मदा तट पर अनेक समाजसेवी अलग अलग दिनों में घाटों पर साफ सफाई करते हैं। समाजसेवी धनराज यादव ने बताया कि उनकी मित्र मंडली के लोग हर गुरूवार को नर्मदा तट के घाट पर साफ सफाई करते हैं। यह नियम महिनों से जारी है। उन्होंने बताया कि मां नर्मदा के तट पर पहुंच कर घाटों पर साफ सफाई करने से मन प्रसन्न हो जाता है समाजसेवी धनराज यादव ने बताया कि ग्वाल नर्मदा सेना के द्वारा 9 वर्षों से नर्मदा तट पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान हर गुरूवार को नर्मदा तट के घाटों पर किया जा रहा है। साफ सफाई, करते हुए नर्मदे हर का जयघोष किया जाता है।  धनराज यादव ने कहा कि ग्वाल नर्मदा सेना के द्वारा जीवनदायनी मां नर्मदा के पावन तट पर स्वच्छता अभियान के तहत ग्वाल घाट, जो गोलाकार होने के कारण गोल घाट भी कहलाता है। इस घाट की लगातार विशेष साफ सफाई की जा रही है। अन्य घाटों पर भी साफ सफाई की जाती है।उल्लेखनीय है कि ग्वाल नर्मदा सेना के जागरूक युवा एवं वरिष्ठ सदस्यों द्वारा अनेक स्थान पर समय समय पर स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान निरंतर नियमित रूप चलाया जा रहा है। हर गुरुवार स्वच्छता व जागरुकता अभियान चला कर सभी सदस्यों ने श्रमदान किया। इस दौरान बड़ी मात्रा में कचरा मां के तट से हटाकर दूर किया गया। इस अभियान में ग्वाल नर्मदा सेना के अनेक सदस्यों ने श्रमदान किया एवं घाट की साफ.सफाई की नर्मदा के जल में फूल माला एवं अन्य प्रकार का कचरा निकाला जाता है। सभी ने कहा कि इस दौरान मां के जल में स्नान करने वाले सज्जनों से विनम्रतापूर्वक साबुन नहीं लगाने, तथा पोलीथिन नहीं लाने के लिए भी जागरूकता अभियान चलाया जाता है।



## भारत पेशनर्स समाज द्वारा पेशनर्स की माँगों के संबंध में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

नर्मदापुरम (निप्र)। भारत पेंशनर्स समाज जिला शाखा नर्मदापुरम अध्यक्ष प्रभात पांडे द्वारा जानकारी दी गई की हाल ही मध्यप्रदेश सरकार ने प्रदेश के कर्मचारियों को पाच प्रतिशत महंगाई भत्ता की घोषणा की है जिसमें 3 प्रतिशत जुलाई 24 से देय होगा एवं 2 प्रतिशत जनवरी 25 से देय होगा एवं एरियर्स की राशी का भुगतान समान किस्तो में किया जायेगा वहीं मध्यप्रदेश के सेवा निवृत कर्मचारियों को मुख्यमंत्री ने माह मार्च 2025 से 3 प्रतिशत महगाई राहत स्वीकृत है जो की पेशनर्स के साथ पक्षपात एवं अन्याय है शासन की इस कार्यवाही से पेंशनर्स में काफी आक्रोश एवं असन्तोष है इसलिये प्रदेश के पेंशनर्स ने मध्यप्रदेश शासन से राज्य कर्मचारियों की भांति पांच प्रतिशत महगाई राहत के आदेश करने हेतु मुख्य मंत्री के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन दिया एवं मुख्यमंत्री से आग्रह किया है की मध्यप्रदेश के पेशनर्स को भी राज्य शासन के अनुसार देय तिथि से महगाई राहत देकर एरियर्स की राशी प्रदाय करने वावत आदेश करने की कृपा करे भारत पेंशनर्स समाज के प्रतिनिधि मंडल में विजय वर्मा विनोद परसाई राजेन्द्र ठाकुर आरके चौरे एमएल वर्मा गीताप्रसाद शर्मा औपी गुप्ता आरके पांडे उमेश शुक्ला नित्य गोपाल कटारें विजय सिह राठौर विनोद यादव आदि उपस्थित थे।

# पीएम किसान सम्मान योजना के तहत 31 मई तक पूर्ण करें ई-केवायसी और अन्य कार्य : कलेक्टर सोनिया मीना



नर्मदापुरम (निप्र) । प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत शेष कार्यों की समय पर पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देशित किया है। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि ई-केवायसी, आधार-बैंक खाता लिंकिंग, लैंड लिंकिंग, सेल्फ रजिस्ट्रेशन निराकरण और फार्मर आईडी से संबंधित सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण अभियान मोड में 31 मई 2025 तक अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी कार्य समय-सीमा में पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें जिससे जून 2025 के प्रथम सप्ताह में सभी पात्र किसानों को योजना का लाभ समय पर प्रदान किया जा सकेगा। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि अधिकारीगण अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रियता से कार्य करते हुए किसानों से संपर्क करें और उन्हें आवश्यक सहायता प्रदान करें, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित न रह जाए।

# युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेले का सफल आयोजन

## 130 युवाओं को मिला रोजगार और स्वरोजगार का लाभ




नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देश अनुसार गुरुवार को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आई.टी.आई.) नर्मदापुरम में एकदिवसीय युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया एवं मुख्य नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव एवं श्रीमती निर्मला राय पार्षद वार्ड-15 एवं राजेश तिवारी, रूपेश राजपूत, धर्मेंद्र जाट, मनीश परदेशी ने सरस्वती पूजन कर मेले का शुभारंभ किया। राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया एवं रोजगार एवं स्वरोजगार मेले के बारे में जानकारी प्रदान की। नपा अध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव ने भी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया एवं राजेश तिवारी ने रोजगार एवं स्वरोजगार मेले के बारे में जानकारी प्रदान की जिसमें मेला प्रभारी डिप्टी कलेक्टर नर्मदापुरम श्रीमती बबीता राठौर द्वारा समस्त स्टॉल पर जाकर रोजगार एवं स्वरोजगार के बारे में चर्चा की जिससे जिले में अधिक से अधिक रोजगार एवं स्वरोजगार प्राप्त हो सके।

## जनकल्याणार्थ किसान समृद्धि पंचकुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ छोड़ी जा रही हैं आहुतियां

नर्मदापुरम (निप्र)। मां भगवती राजराजेश्वरी ललिताम्बा महारानी नर्मदा मैया की कृपा से मां नर्मदा के दक्षिण तट नर्मदापुरम स्थित हनुमान धाम कोठीबाजार में 4 मई से जनकल्याणार्थ किसान समृद्धि पंचकुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ अनुष्ठान जारी है। जिसमें श्रद्धालुओं के द्वारा आहुतियां छोड़ी जा रही हैं। आचार्य पं अजय दुबे ने बताया कि जनता जनार्दन मां ललिता आश्रम सेवा समिति, रामाश्रय सेवा संस्थान, हनुमान धाम सेवा समिति के द्वारा यह धार्मिक अनुष्ठान जारी है। इस अनुष्ठान के दौरान ही विद्वानों के द्वारा प्रवचन श्रंखला जारी है।

# विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया गया




नर्मदापुरम ( निप्र) । प्रत्येक वर्ष विश्व रेडक्रॉस दिवस 8 मई को सर हेनरी ड्यूनेट के जन्मदिन के रूप मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम  ऑन दा साइड ऑफ़ ह्यूनिटी  मानवता के पक्ष मे गतिविधियों की जाना है। इस अवसर पर जिला अस्पताल नर्मदापुरम में सिविल सर्जन डॉ सुधीर विजयवर्गीय सचिव ने सर हेनरी ड्यूनेट के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस वर्ष जारी थीम अनुसार 8 मई से 14 मई 25 तक रेडक्रॉस सप्ताह मनाया जावेगा जिसमे स्वास्थ्य शिविर, नेत्र शिविर, रक्तदान शिविर, नशामुक्ति जागरूकता प्राथमिक उपचार शिविर आदि गतिविधियां की जायगी। कार्यक्रम में डॉ संजय पुरोहित, डॉ सतीश तिवारी ने सर हेनरी के जीवन पर प्रकाश डाला, शेर सिंह बड़कुर. अलका इंदौरकार रोशनी जिला रेड क्रॉस प्रबंध समिति सदस्य उदित द्विवेदी द्वारा जिले में की जा रही गतिविधियां ब्लड डोनेशन कैंप, टी बी मरीजों को पोषण आहार का वितरण आदि की जानकारी दी एवं अंत में सभी उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रदीप मिश्रा, राजेश आर्य, विनोद स्प्रे, रेखा कापसे, आशा माथोरिया सहित रेडक्रॉस के वालंटियर स्टॉफ़ उपस्थित रहा।

# महिलाओं को स्वरोजगार व उद्यमिता के लिए निवेश प्रोत्साहन केंद्र में मार्गदर्शन



नर्मदापुरम ( निप्र) । जिला पंचायत परिसर स्थित निवेश प्रोत्साहन केंद्र में महिलाओं को स्वरोजगार के अवसरों और उद्यम स्थापना के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर खादी ग्रामोद्योग बोर्ड की प्रबंधक रीना मर्सकोले ने उपस्थित महिलाओं से चर्चा की और बताया कि वे विंध्या वैली जैसे प्लेटफॉर्म से जुड़कर अपने व्यवसाय को नई ऊंचाई दे सकती हैं। उन्होंने महिलाओं को स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उद्योग विभाग के अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई, जिससे महिलाएं विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर अपने स्वयं के उद्योग स्थापित कर सकें। इस अवसर पर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के दुर्गेश ठाकुर भी उपस्थित रहे और मिशन से जुड़कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

## बिजली कार्मिकों के भविष्य निधि खाते की शेष राशि पर ब्याज दर तय

नर्मदापुरम (निप्र) । मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा कार्मिकों के भविष्य निधि खाते की शेष राशि पर वार्षिक ब्याज दर तय कर दी गयी हैं। मध्यप्रदेश विद्युत मंडल कर्मचारी भविष्य निधि न्यास की 91वीं बैठक में लिए गए निर्णय के बाद जारी आदेश के अनुसार मध्यप्रदेश विद्युत मंडल कर्मचारी भविष्य निधि न्यास के वित्तीय वर्ष 2024-25 में सेवारत/दिवंगत अथवा सेवानिवृत होने वाले कार्मिकों के भविष्य निधि खाते की शेष राशि पर 9.50 प्रतिशत (साढ़े नौ प्रतिशत) वार्षिक दर से ब्याज का भुगतान किया जाएगा। इसी तरह से वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रावधिक रूप से 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर से भुगतान किया जाएगा।

## माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल की द्वितीय परीक्षा

### मण्डल ने जारी की समय सारणी

नर्मदापुरम (निप्र) । सत्र 2024-25 की हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा के लिये एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 7 मई से फॉर्म भरे जाना शुरू हो गये है। फार्म 21 मई 2025 तक रात्रि 12 बजे तक भरे जा सकेंगे। हाई स्कूल द्वितीय परीक्षा 17 जून से 26 जून 2025 तक और हाई सेकेंडरी द्वितीय परीक्षा 17 जून से 5 जुलाई 2025 तक प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम मण्डल की वेब साइट www.mpbse.nic.in पर देखी जा सकती है।  माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार हाई स्कूल सर्टिफिकेट द्वितीय परीक्षा 2025 के लिए 17.6.2025 मंगलवार को हिंदी विषय की परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार 18.6.2025 बुधवार को उर्दू, 19.6.2025 गुरुवार को अंग्रेजी, 20.6.2025 शुक्रवार को एनएसक्यूएफ, 21.6.2025 शनिवार को गणित, 23.6.2025 सोमवार को विज्ञान, 24.6.2025 मंगलवार को मराठी -गुजराती- पंजाबी- सिंधी- मुख बधिर तथा दृष्टिहीन छात्रों के लिए चित्रकला- गायन वादन- तबला पखावज- कंप्यूटर, 25.6.2025 बुधवार को संस्कृत, 26.6.2025 गुरुवार को सामाजिक विज्ञान की द्वितीय परीक्षाएं आयोजित की जाएगी।

# त्यौहार एवं स्नान पर्व के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगाई गई अधिकारियों की ड्यूटी

नर्मदापुरम (निप्र) ।कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सोनिया मीना के निर्देश अनुसार मई माह में आयोजित होने वाले स्नान पर्व एवं चल समारोह के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अनुविभाग स्तर पर अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी नर्मदापुरम ने जानकारी देते हुए बताया कि 12 मई 2025 बुद्ध पूर्णिमा-स्नान दान व्रत पूर्णिमा, 27 मई 2025 स्नान दान अमावस्या एवं शनि जयंती तथा 29 मई 2025 महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर जिले के समस्त अनुविभाग स्तर पर कानून एवं शांति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए अनुविभाग नर्मदापुरम के अंतर्गत आने वाले घाट स्थलों पर कार्यपालिक अधिकारियों की ड्यूटी लगाने एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी नर्मदापुरम श्रीमती नीता कोरी एवं सिटी मजिस्ट्रेट बृजेंद्र रावत को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार अनुविभाग इटारसी अंतर्गत आने वाले घाट स्थलों पर कार्यपालिक अधिकारियों की ड्यूटी लगाने एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी इटारसी टी प्रतीक राव, अनुविभाग सुहागपुर अंतर्गत घाट स्थलों पर कार्यपालिक अधिकारियों की ड्यूटी लगाने एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अनुविभागीय दंडाधिकारी सोहागपुर अनिल कुमार जैन, अनुविभाग पिपरिया अंतर्गत आने वाले घाट स्थलों पर कार्यपालिक अधिकारियों की ड्यूटी लगाने एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अनुविभागीय दंडाधिकारी पिपरिया श्रीमती अनीशा श्रीवास्तव तथा अनुविभाग सिवनी मालवा अंतर्गत आने वाले घाट स्थलों पर कार्यपालिक अधिकारियों की ड्यूटी लगाने एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अनुविभागीय दंडाधिकारी सिवनी मालवा श्रीमती सरोज परिहार को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। उक्त समस्त अधिकारी अपने कर्तव्य स्थल पर नियत दिनांक एवं समय पर पहुंचकर दूरभाष पर अपनी उपस्थिति के संबंध में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना को सूचित कर सौंपे गए कार्यों को संपादित करेंगे।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित।
स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com